इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 अंक - 195 राजनांदगांव, मंगलवार 03 जून 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## अब थम जाएगा रूस-यूक्रेन युद्ध, रूसी अफसर ने बताई सीजफायर डील की नई शर्तें



नई दिल्ली। रूस-यूक्रेन जंग को शुरू हुए तीन साल ज्यादा बीत गए हैं। अब जाकर रूस और यूक्रेन के बीच जंग खत्म होने की दिशा में एक अहम कदम उठता दिख रहा है। दरअसल रूसी वार्ताकारों ने सोमवार को अपने यूक्रेनी समकक्षों को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है जिसमें पूर्ण युद्ध विराम के लिए मॉस्को की शर्तों को सामने रखा है। रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख व्लादिमीर मेडिंस्की ने यह भी कहा कि रूस ने कुछ क्षेत्रों में दो से तीन दिनों के युद्ध विराम का सुझाव दिया था।

द गार्जियन के मुताबिक, रूसी ने किसी भी तरह की बिना शर्ता के सीजफायर की डील को ठुकरा दिया है। वहीं यूक्रेन ने इसी महीने के अंत तक एक और वार्ता करने की बात कही है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इस वक्त नाटो और नॉर्डिक देशों के नेताओं के साथ शिखर सम्मेलन के लिए लिथुआनिया में हैं। जेलेंस्की ने कहा, जेलेंस्की ने कहा कि अगर इस्तांबुल में होने वाली बातचीत से 'कुछ हासिल नहीं होता है', तो इसका मतलब है कि रूस पर यूरोपीय संघ और अमेरिका की तरफ से 'तुरंत कड़े और नए प्रतिबंध लगाने की जरूरत है।'

### यूक्रेन ने ऑपरेशन स्पाइडर वेब को कैसे दिया अंजाम?

रूस के साथ तीन वर्ष से ज्यादा समय से जारी युद्ध के बीच यूक्रेन ने एक ऐसा सैन्य आपरेशन चलाया, जिससे न केवल मास्को बल्कि पूरी दुनिया सकते में है। यह अंदेशा जताया जा रहा है कि रूस इसका बदला लेने के लिए यूक्रेन में बड़े पैमाने पर तबाही मचा सकता है। यूक्रेन ने आपरेशन स्पाइडर वेब के तहत रूस में कई हजार किलोमीटर अंदर तक घुसकर उसके कई एयरबेस को न केवल निशाना बनाया बल्कि बमवर्षक समेत 40 से ज्यादा लड़ाकू विमानों को तबाह करने का दावा किया है। आइए जानते हैं कि यूक्रेन ने रूस के खिलाफ किस तरह इस आपरेशन को अंजाम दिया और उसे कितना बड़ा नुकसान पहुंचाया है।

### डेढ़ वर्ष से चल रही रही थी तैयारी

यूक्रेन की सैन्य खुफिया एजेंसी सिक्यूरिटी सर्विस (एसबीयू) हमले को अंजाम देने के लिए डेढ़ वर्ष से तैयारी कर रही थी। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने खुद यह बताया कि सटीक हमले से रूस को भारी नुकसान पहुंचा है। इसकी तैयारी में डेढ़ साल से अधिक का समय लगा। एजेंसी ने पूरी सटीकता के साथ इसे अंजाम दिया। यह एकदम अद्वितीय आपरेशन था। रूस ने भी हमले की पुष्टि की और कहा कि ड्रोन हमले के चलते कई विमानों में आग लग गई थी।

### ट्रकों में छिपाकर भेजे गए थे ड्रोन

एसबीयू ने रविवार को इस विशेष ऑपरेशन को अंजाम दिया। ड्रोन हमले को कैसे और कब अंजाम देना है, इसकी पूरी योजना बनाई गई थी। आपरेशन स्पाइडर वेब में कुल 117 ड्रोन के अलावा कई क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। ड्रोन को ट्रकों में छिपाकर गोपनीय तरीके से रूस में पहुंचाया गया था। इन्हें ट्रकों में लकड़ी के केबिनों में रखा गया था। जब हमले का समय आया तो इन केबिनों का ऊपरी हिस्सा खुल गया और ड्रोन अपने लक्ष्यों की ओर रवाना हो गए।

### सात अरब डॉलर के नुकसान का दावा

एसबीयू ने 41 विमानों को निशाना बनाने का दावा किया है। उसका दावा है कि इन विमानों का उपयोग यूक्रेनी शहरों पर बमबारी के लिए किया गया था। जिन विमानों को निशाना बनया गया, उनमें टीयू-22, टीयू-95 बमवर्षक, ए-50 रडार डिटेक्शन और कमांड विमान शामिल शामिल हैं। एजेंसी ने ड्रोन हमले में रूस के सैन्य विमानों को सात अरब डालर का नुकसान पहुंचने का अनुमान लगाया है।

## दुनिया भर में 'आतंकिस्तान' को बेनकाब कर लौट रहे भारतीय सांसद, पीएम मोदी डेलिगेशन से लेंगे फीडबैक

नई दिल्ली। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और ऑपरेशन सिंदूर की सच्चाई से दुनिया को अवगत कराने गए सांसदों और राजनयिकों के प्रतिनिधमंडल की वापसी बुधवार सुबह से शुरू हो जाएगी। माना जा रहा है कि अगले सप्ताह खुद प्रधानमंत्री भी इन प्रतिनिधमंडलों से मुलाकात करेंगे और फीडबैक लेंगे।



विश्व के 33 देशों में कुल दस दिनों की यात्रा बहुत सफल मानी जा रही है जिसमें औपचारिक और अनौपचारिक चर्चा में भारत के सांसदों ने न सिर्फ संबंधित सरकारों बल्कि वहां के थिंक टैंक और बुद्धिजीवियों को हर पहलू पर भारत के विचारों से सहमत कराने की कोशिश की।

इसकी सफलता का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि जिस कोलंबिया ने पहले ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से सहानुभूति जताई थी उसने भी प्रतिनिधिमंडल के दौरे के बाद मन बदला और पिछला बयान वापस लेते हुए आतंकवाद पर भारत की सोच का समर्थन किया।

पहली टीम शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में 23 मई को विदेश गई थी। 25 मई को आखिरी टीम रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में पश्चिमी यूरोप गई थी। उसी दिन कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में टीम अमेरिका, कोलंबिया जैसे कुछ देशों में गई थी। बताया जाता है कि शिंदे की टीम बुधवार को सुबह और रविशंकर की टीम 5 तारीख की रात दिल्ली पहुंचेगी। इसी बीच सारा प्रतिनिधिमंडल दिल्ली लौटेगा।

यह स्पष्ट दिखा कि अलग-अलग दल से गए सांसद भी हर मुद्दे पर एकजुट थे, तब भी जब भारत में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से अपने ही सदस्यों पर तीखी टिप्पणी हो रही थी। ऐसे में इनकी वापसी के बाद भी राजनीति में बयानबाजी बढ़ेगी। बहरहाल, सूत्रों का कहना है कि संभवतः 9 मई को प्रधानमंत्री भी इन प्रतिनिधिमंडलों के साथ चर्चा करेंगे। उनसे फीडबैक लिया जाएगा।

## भारत-पैराग्वे संबंधों को मजबूती : पीएम मोदी बोले-आतंकवाद का मिलकर मुकाबला करेंगे दोनों देश

दिल्ली में राष्ट्रपति सैंटियागो पेना के साथ द्विपक्षीय वार्ता



नयी दिल्ली। भारत और लैटिन अमेरिकी देश पराग्वे ने अपने द्विपक्षीय संबंधों की संरचना को सुदृढ़ करने के लिए संयुक्त आयोग स्थापित करने का सोमवार को फैसला किया तथा डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर विचार विमर्श किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासियोस के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और पराग्वे के विदेश मंत्री रूबेन रामिरेज़ एल की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच संयुक्त (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नगालैंड में विधायकों के पार्टी छोड़ने पर अजित पवार की पहली प्रतिक्रिया- उनकी बात नहीं सुनी जा रही थी



पुणे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को बताया कि नगालैंड में नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के सात विधायकों ने वहां की सत्तारूढ़ पार्टी नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) में इसलिए शामिल होने का फैसला किया क्योंकि उन्हें काम नहीं हो पाने की वजह से असंतोष था। शनिवार को नगालैंड की राजनीति में बड़ा बदलाव हुआ जब एनसीपी के सभी सात विधायक मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो की अगुवाई वाली एनडीपीपी में शामिल हो गए। इसके बाद 60 सदस्यीय नगालैंड विधानसभा में एनडीपीपी की ताकत बढ़कर 32 हो गई, जबकि पहले उनके पास 25 विधायक थे।

### विधानसभा चुनाव का परिणाम और परिवर्तन

2023 के विधानसभा चुनावों में एनसीपी ने नगालैंड में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरे नंबर की पार्टी बनने में सफलता पाई थी। एनडीपीपी और उसकी सहयोगी पार्टी भारतीय जनता पार्टी पहले और दूसरे स्थान पर रही थीं। भाजपा ने उस चुनाव में 12 सीटें जीती थीं। वहीं जुलाई 2023 में जब अजित पवार महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हुए, तब एनसीपी में विभाजन हो गया। इसके बाद नगालैंड में पार्टी के सातों विधायकों ने अजित पवार का साथ चुना, ना कि एनसीपी के संस्थापक शरद पवार का।

### विधायकों की नाराजगी पर अजित पवार की प्रतिक्रिया

पुणे में मीडिया से बातचीत करते हुए अजित पवार ने कहा, करीब दो महीने पहले सभी विधायक मुझसे मिलने आए थे। उन्होंने कहा कि वहां उनका कोई काम नहीं हो पा रहा है। यह बात सही है कि वे असंतोष में थे। उन्हें लग रहा था कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही।

## रेरा का बड़ा फैसला: प्रमोटर को 28 लाख रुपए ब्याज सहित लौटाने का आदेश, आवंटी को मिली राहत




रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) ने रियल एस्टेट क्षेत्र में उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में एक अहम फैसला सुनाया है। रेरा ने आशीर्वाद अपार्टमेंट परियोजना (कोहका, जिला दुर्ग) से जुड़े एक मामले में प्रमोटर को निर्देश दिया है कि वह आवंटी को 28.71 लाख रुपये की राशि ब्याज सहित तत्काल लौटाए।

यह मामला उस समय प्रकाश में आया जब यह पाया गया कि आवंटी और प्रमोटर के बीच अनुबंध होने के दो साल बाद भी फ्लैट का पजेशन नहीं दिया गया। निर्माण कार्य लंबे समय तक अधूरा रहा, जिससे आवंटी को मानसिक, सामाजिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। रेरा के आदेशानुसार, प्रमोटर द्वारा मूलधन 23 लाख 71 हजार रुपये और उस पर 5 लाख रुपये ब्याज सहित कुल 28 लाख 71 हजार रुपये की राशि लौटाई जाएगी। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि प्रमोटर की लापरवाही ने उपभोक्ता का विश्वास तोड़ा है और साथ ही रेरा कानून का उल्लंघन किया है।

रेरा रजिस्ट्रार ने इस संदर्भ में कहा कि रेरा का उद्देश्य है कि प्रत्येक होमबायर को समय पर उसका अधिकार मिले। यह आदेश उसी दिशा में एक मजबूत संदेश है कि कोई भी प्रमोटर उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी या देरी नहीं कर सकता। रेरा के इस निर्णय से न केवल पीड़ित उपभोक्ता को राहत मिली है, बल्कि यह अन्य खरीदारों के लिए भी एक सकारात्मक संदेश बनेगा। रेरा ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे सजग रहें और समय पर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए इस मंच पर शिकायत दर्ज करें।

## असम, तमिलनाडु से राज्यसभा की आठ सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचनाएं जारी




नयी दिल्ली। राज्य सभा के लिए असम और तमिलनाडु से कुल आठ सीटों के लिए 19 जून को कराये जाने वाले चुनाव के लिए अधिसूचनाएं सोमवार को जारी कर दी गयीं। अधिसूचनाओं के साथ ही दोनों राज्यों में चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया का काम शुरू हो गया है।

राज्यसभा में असम की इन दो सीटों के वर्तमान प्रतिनिधियों का कार्यकाल 14 जून को और तमिलनाडु की छह सीटों के प्रतिनिधियों का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इन चुनावों के लिए नामांकन-पत्र नौ जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 10 जून को की जाएगी और नाम 12 जून तक वापस लिये जा सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर मतदान 19 जून को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक कराय जायेगा। इसमें संबंधित राज्यों के विधान सभा सदस्य मतदान करेंगे। मतगणना मतदान सम्पन्न होने के एक घंटे बाद की जाएगी। आयोग ने कहा है कि मतदान की पूरी प्रक्रिया 23 जून तक सम्पन्न करा ली जाएगी।

आयोग ने असम में चुनाव के लिए राज्य विधानसभा के अतिरिक्त सचिव राजीव भट्टाचार्य को चुनाव अधिकारी तथा विधानसभा के ओएसडी (संयुक्त सचिव) प्रदीप हांडिक को सहायक चुनाव अधिकारी बनाया है। तमिलनाडु में विधानसभा के अतिरिक्त सचिव बी सुब्रमण्यिम चुनाव अधिकारी तथा विधान सभा के संयुक्त सचिव के. रमेश सहायक चुनाव अधिकारी बनाये गये हैं।

## अमेरिका के स्टील टैरिफ से भारत में इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट पर पड़ेगा असर, ट्रंप सरकार ने लगाया इतना शुल्क



नई दिल्ली। स्टील मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि स्टील आयात पर अमेरिका की तरफ से शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का भारत पर काफी कम असर पड़ेगा। इसकी वजह यह है कि भारत अमेरिका को स्टील का अधिक निर्यात नहीं करता है।

हालांकि इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (ईईपीसी) ने अमेरिका निर्यात होने वाले इंजीनियरिंग गुड्स के निर्यात के प्रभावित होने की आशंका जाहिर की है, क्योंकि स्टील से निर्मित आइटम के निर्यात पर भी अब 50 प्रतिशत का शुल्क लगेगा।

### फैसले का विरोध

अमेरिका ने स्टील के साथ एल्युमिनियम के आयात पर लगने वाले शुल्क को भी 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। यह फैसला आगामी चार जून से प्रभावी होगा। गत मार्च में अमेरिका ने स्टील व एल्युमिनियम के आयात पर 25 प्रतिशत का शुल्क लगाया था। तब भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के माध्यम से अमेरिका के इस फैसले का विरोध करते हुए इसे वापस लेने के लिए कहा था।

अमेरिका ने इस मामले में कहा है कि स्टील व एल्युमिनियम पर लगाया गया शुल्क सेफगार्ड शुल्क नहीं है बल्कि अमेरिका ने राष्ट्रहित में लगाया है, जिसे वापस नहीं लिया जा सकता है। भारत ने कहा था कि अमेरिका शुल्क वापस नहीं लेता है तो भारत अपने होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए अमेरिकी वस्तु पर आयात शुल्क बढ़ा सकता है। हालांकि अभी भारत की तरफ से इस मामले में किसी कार्रवाई के संकेत नहीं दिए गए हैं।

व्यापार समझौते के बाद अमेरिका ने ब्रिटेन को दी है शुल्क से छूट भारत सीधे तौर पर स्टील व एल्युमिनियम का अमेरिका को बहुत अधिक निर्यात नहीं करता है, लेकिन इनसे निर्मित आइटम का निर्यात अधिक है और अमेरिका का 50 प्रतिशत शुल्क उन पर भी लगेगा। ईईपीसी ने कहा है कि भारत को भी ब्रिटेन की तरह स्टील व एल्युमिनियम पर लगने वाले इस शुल्क को खत्म करने के लिए अमेरिका से बात करनी चाहिए।


### 25 प्रतिशत के शुल्क से छूट दे दी गई

हाल ही में अमेरिका के साथ ब्रिटेन ने व्यापार समझौता किया है जिसके तहत ब्रिटेन को स्टील व एल्युमिनियम पर लगने वाले 25 प्रतिशत के शुल्क से छूट दे दी गई। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इंशिएटिव के आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नीट - पीजी 2025 की परीक्षा स्थगित

नयी दिल्ली । राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को आयोजित होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है और संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

बोर्ड ने सोमवार को यहां जारी एक नोटिस में बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप नीट - पीजी 2025 की परीक्षा एक पाली में आयोजित की जाएगी। नोटिस के अनुसार न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप एक पाली में परीक्षा कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है और परीक्षा की संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को आयोजित होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है।




## महतारी वंदन योजना की 16वीं किश्त जारी, खाते में ट्रांसफर हुए 648.24 करोड़ रुपए

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत आज दो तारीख को माह जून 2025 की सोलहवीं किश्त का भुगतान जारी कर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश की 69.30 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 648.24 करोड़ रुपये की सहायता राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए इस योजना की शुरुआत मार्च 2024 में की गई थी। अब तक लगातार 16 माहों में 10433.64 करोड़ रुपये की राशि प्रदेश की महिलाओं को प्रदाय की जा चुकी है। योजना के अंतर्गत 21 से 60 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है।




योजना से होने वाले भुगतान एवं अन्य जानकारी से अवगत होने के लिए महतारी वंदन योजना के पोर्टल https://mahtari-vandan.cgstate.gov.in अथवा महतारी वंदन योजना का मोबाईल ऐप भी है जिसे हितग्राही प्लेस्टोर से डाउनलोड कर अपनी जानकारी देख सकते हैं। यदि कोई आवेदिका इस सहायता राशि का लाभ नहीं लेना चाहती है, अर्थात् लाभ त्याग करना चाहती है तो वे पोर्टल में लाभ त्याग के ऑप्शन में जाकर लाभ त्याग कर सकती है।

### डीबीटी के माध्यम से दी जा रही सहायता राशि

महतारी वंदन योजनांतर्गत सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। जिन हितग्राहियों का खाता डीबीटी इनेबल नहीं है वे तत्काल बैंक जाकर आधार सीडिंग करवायें क्योंकि उनको भुगतान किये जाने पर राशि वापस हो जा रही है तथा इस हेतु उन्हें एसएमएस के माध्यम से सूचित भी किया गया है। यदि किसी हितग्राही को किसी प्रकार की शिकायत हो तो इस पोर्टल में शिकायत करें ऑप्शन में जाकर अपनी समस्या ऑनलाईन दर्ज कर सकती है।

### आधार कार्ड अपडेट कराने की अपील

महिला एवं बाल विकास विभाग ने हितग्राही महिलाओं से अपील की है कि वह अपना आधार कार्ड अपडेट कराएं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

# कोटराभाठा में 5 एवं 6 जून को कबीर सत्संग समारोह



**मुख्य प्रवचनकर्ता धर्माधिकारी सत्येंद्र साहेब नादिया मठ होंगे**

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम कोटराभाठा (बजरंग चौक) में आमीन माता महिला समूह एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान मे दो दिवसीय कबीर सत्संग समारोह 5 एवं 6 जून को आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य प्रवचनकर्ता धर्माधिकारी सत्येंद्र साहब नदिया मठ से अपने संत मंडली के साथ पधार रहे हैं। कार्यक्रम के तहत 5 जून दिन गुरुवार को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक, 6 जून को दिन शुक्रवार को 10 से 1 बजे तक, 6 जून को शाम 5 बजे चौका आरती होगा। क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का लाभ लेने आग्रह किया गया है।

## कल हेल्थ मेले में दाई-बाबा दिवस का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शासन के निर्देशानुसार नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य और बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के लिए प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रत्येक बुधवार को होने वाले मेले के अंतर्गत 4 जून 2025 को दाई-बाबा दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य समुदाय स्तर पर बुजुर्गों के सम्मान एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करना हैं। प्रत्येक विकासखण्ड अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर हेल्थ मेले के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां करने कहा गया हैं। दाई-बाबा दिवस की थीम हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर रखी गई हैं। सीएचओ, महिला एवं पुरूष स्वास्थ्य संयोजक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन के सहयोग से बच्चों को दादा-दादी या नाना-नानी को लेकर स्वास्थ्य मेले पहुंचने के लिए प्रेरित किया जाएगा। आयोजन स्थल पर बुजुर्गों के अनुकुल सुविधाएं बैठक व्यवस्था, छांव, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान बुजुर्गों के रक्तचाप, रक्तशर्करा, मोतियाबिंद व हड्डियों की जांच के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य व संज्ञानात्मक परीक्षण किया जाएगा। प्रत्येक बुजुर्ग के लिए स्वास्थ्य कार्ड, जिसमें उनकी जांच रिपोर्ट, बीएमआई व सुझाव दर्ज होंगे। जिन बुजुर्गों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं हैं, उन्हें कार्ड सत्यापन व रजिस्ट्रेशन काउंटर पर ले जाकर डिजिटल हेल्थ आईडी (आभा आईडी) से लिंक किया जाएगा।

## जिले में 12 जून तक चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

राजनांदगांव (दावा)। जिले के किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने एवं खेती को लाभप्रद बनाने के उद्देश्य से 29 मई से 12 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले के किसानों से विकसित कृषि संकल्प अभियान में सक्रिय सहभागिता कर उन्नत खेती अपनाने और शासन की योजनाओं का लाभ लेते हुए अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने की अपील की है। विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत कृषि एवं संबंधित समवर्गी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले के गांव-गांव तक पहुंच रही है, जहां वैज्ञानिकों एवं कृषि के जानकारों के तीन दल अलग-अलग विकासखंडों में किसानों के उन्नयन हेतु उन्नत कृषि तकनीक, आधुनिक कृषि उपकरणों, केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे है। साथ ही अभियान के दौरान खरीफ मौसम की प्रमुख फसलों की उन्नत एवं वैज्ञानिक तकनीक, प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों का जीवंत प्रदर्शन, बीज उपचार, धान की सीधी बुआई विधि, पशुपालन एवं उन्नत पशु नस्ल की जानकारी, कृषि ड्रोन तकनीक, मत्स्य पालन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार फसल में संतुलित पोषक तत्वों का उपयोग एवं नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। जिले के किसान अभियान का लाभ पूर्ण सहभागिता के साथ ले रहे हैं। अभियान प्रारम्भ होने के पूर्व जिले के सभी ग्राम पंचायतों मे इस कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया गया था एवं मुनादी के माध्यम से अधिक से अधिक किसान विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित शिविर में पहुंच रहे है। जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के सफल संचालन वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों के दल के साथ एक कृषि रथ एवं पशुधन विकास रथ भी गांव-गांव में चलाए जा रहे है। जिनमें नवाचारी तकनीकी जानकारी वीडियो के माध्ये से भी दी जा रही है। दल प्रति दिन 6 ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में किसानों के साथ सीधा संवाद कर रहे है। 12 जून तक जिले के कुल 156 ग्राम पंचायतों में यह अभियान निरंतर चलाया जाएगा। प्रत्येक दल में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, कृषि विभाग, बैंक, उद्यानिकी महाविद्यालय के प्राध्यापक, मत्स्य पालन, उद्यानिकी एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील कृषक, एफपीओ कार्यकर्ता, कृषि सखियों का समूह एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित हो रहे है। अभियान के प्रभावी निगरानी हेतु उप संचालक कृषि कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसके माध्यम से अभियान की जानकारी केंद्र एवं राज्य शासन को प्रेषित की जाती है।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
31st May to 05th June 2025




Mor Chhainha Bhuinya 3 (C.G) - 12:00, 12:15, 03:00, 03:15, 06:00, 06:15 and 09:00 pm
Raid 2 - 09:15 pm
Bhool Chuk Maaf - 12:30, 03:30, 06:30 & 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
छत्तीसगढ़ी
मोर छईयां भुईयां - 3
मन कुरैशी, दीपक साहू, एल्सा घोस, दिक्षा जयसवाल




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# महापौर मधुसूदन यादव रेवाडीह में जनमानस से मुलाकात कर सफाई, पानी के संबंध मे किए चर्चा





राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव वार्ड निरीक्षण की कडी में आज रेवाडीह पहुँच जनमानस से मुलाकात किए और उनसे पानी सफाई के संबंध में चर्चा कर निर्माण संबंधी कार्य के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

महापौर श्री यादव रेवाडीह में पैदल भ्रमण कर जनमानस से मुलाकात किए और उनसे साफ सफाई पानी बिजली के संबंध में चर्चा किए। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव से कहा कि ग्रामीण वार्ड को ध्यान में रखकर उचित साफ सफाई रखने कहा, जिससे संक्रामक बीमारी न फैले। उन्होने शासकीय भूमि में रोड के पास अतिक्रमण की शिकायत पर संबंधित को नोटिस जारी करने संबंधित उप अभियंता तिलकराज ध्रुव को निदेर्शित किए। उन्होंने पेयजल सप्लाई वाले स्थान, हैण्ड पंप, तालाब के पास भी साफ सफाई रखने कहा। सूचारू पेयजल के लिये हैण्ड पंप मरम्मत आदि कार्य भी प्राथमिकता से कराने उप अभियंता अनूप पाण्डे को निर्देशित किए। महापौर श्री यादव प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत निर्माणाधीन आवासो का भी निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने कहा ताकि हितग्राहियों को इसका लाभ मिल सके। सामाजिक भवन के लिए समाज वालो की मंशानुरूप शासकीय भूमि का चयन करने कहा। रेवाडीह में कालोनी के आस पास पानी निकासी हेतु कच्ची नाली खोदने के निर्देश दिए जिससे पानी निकासी हो सके। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षक से कहा कि गंदा पानी एकत्रित न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उप अभियंता भी नाली निर्माण की आवश्यकता को देखकर नाली बनाने प्राक्कलन तैयार करें। निरीक्षण के दौरान पूर्व पार्षद मुकेश ध्रुव सहित निगम का अमला व वार्डवासी उपस्थित थे।

**साफ सफाई रखने, अतिक्रमण पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए**

## स्वच्छता त्यौहार अभियान के अंतर्गत शनिवार को जिले में व्यापक स्तर पर चलाया गया स्वच्छता अभियान





राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में प्रत्येक शनिवार स्वच्छता त्यौहार अभियान के अंतर्गत जिले के सभी ग्रामों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर विश्व पर्यावरण दिवस की थीम को समर्पित करते हुए शरिवार को स्वच्छता त्यौहार का आयोजन किया गया। स्वच्छता त्यौहार के अंतर्गत गांवों में नालियों की सफाई, तालाबों एवं सरोवरों की सफाई तथा सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई। ग्रामीणों को पर्यावरण की सुरक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

स्वच्छता त्यौहार कार्यक्रम के अंतर्गत घर-घर जाकर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया को सुदृढ़ किया गया और लोगों को नियमित रूप से यूजर चार्ज जमा करने के लिए जागरूक किया गया, ताकि यह प्रणाली आत्मनिर्भर और सतत बनी रहे। इस दौरान स्वच्छता मित्रों एवं स्वच्छग्राहियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। उन्हें प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छता त्यौहार में पंच-सरपंच, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, ग्रामवासियों तथा जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस अभियान को जनांदोलन का रूप दे दिया। स्वच्छता रैलियों, जन संवाद और दीवार लेखन के माध्यम से स्वच्छता के संदेश को घर-घर तक पहुँचाया गया। स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच को बल दिया गया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं के संबंध में जानकारी दी।

## सुशासन तिहार सिंघोला में डॉ.रमन सिंह से सुरगी के ग्रामीणों ने 11 केव्ही विद्युत लाइन हटाए लगाई गुहार

**तीन लोगों की मौत के बाद भी 11 केव्ही विद्युत लाइन नहीं हटा, चौथा अस्पताल में भर्ती**



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम सुरगी के ग्रामीणों ने ग्राम सिंघोला में आयोजित सुशासन तिहार के मौके पर डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष को पत्र प्रेषित करते हुए बताया कि आवासीय परिसर के ऊपर से 11 केव्ही विद्युत लाइन हटाने हेतु पत्र सौपा गया। पत्र सौंपते हुए ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सुरगी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 16 में 11 केवी विद्युत लाइन का विस्तार किया गया है जो कि आवासीय परिसर के ऊपर से है, जिसकी सूचना विद्युत विभाग एवं शासन को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया था जिसकी प्रतिलिपि आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न किया गया है। ग्रामीणों ने मांग की की 11 केवी विद्युत लाइन को हटाकर अन्य किसी मार्ग से व्यस्थापित करने की मांग रखी है। पूर्व मुख्यमंत्री को ग्रामीणों ने यहा भी बताया कि पूर्व में तीन लोगों की मृत्यु हो चुकी है और वर्तमान में चौथा आदमी अस्पताल में भर्ती है, उसकी भी उम्मीद कम है।

## सीआरसी में बीआरपी समावेशी शिक्षा व विशेष शिक्षक हेतु नवाचारी गतिविधियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। मिशन संचालक समग्र शिक्षा विभाग राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर के मार्गदर्शन एवं एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद अंतर्गत संचालित सीआरसी ठाकुरटोला के सहयोग से सीआरसी ऑडिटोरियम मल्टीपेल स्कॉलोरोसिस दिवस के अवसर पर बिलासपुर संभाग से 53, सरगुजा संभाग से 45 बीआरपी समावेशी शिक्षा व विशेष शिक्षक हेतु नवाचारी गतिविधियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ. स्मिता महोबिया, एपीसी केपी विश्वकर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सीआरसी राजनांदगांव के पुनर्वास प्रोफेशनल द्वारा साईन लैंग्वेज इंटरप्रेटर के साथ चिरायु के मेडिकल ऑफिसर डॉ. मिहिर साहू ने मल्टीपेल स्कॉलोरोसिस के बारे में जानकारी देते हुए सीआरसी एवं सीडीईआईसी में होने वाली सभी थेरेप्यूटिक सर्विस स्पीच थेरेपी, हियरिंग विभाग, मनोविज्ञान विभाग, प्रोस्थेटिक एण्ड आर्थोटिक्स फिजियो थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, विशेष शिक्षा, व्यासायिक शिक्षा, विजन थेरेपी में दिए जाने वाले थेरेपी चिकित्सा, दिव्यांगजन को दिए जाने विभिन्न योजनाओं निर्मया योजना, राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के तहत दी जाने वाली सभी योजनाओं एवं योगा दिवस की जानकारी दी। इस दौरान सभी बीआरपी, विशेष शिक्षक को सीआरसी में होने वाली सभी थेरूप्यूटिक विभाग का निरीक्षण कराया गया। कार्यक्रम में दस दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण कान की मशीन, टीएलएमकिट, स्टिक, कमर नेक बेल्ट का वितरण किया गया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202505092100013
अ/6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश मौर्य एवं अन्य 01 निवासी गणेश वार्ड नंबर 10, कालकापारा, डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदकगण के दादा सरजू प्रसाद आ. माधोप्रसाद के नाम कालकापारा शीट क्र. 7 भूखंड क्रमांक 2193 रकबा 1110 वर्गफुट पर मकान स्थित है। सरजू प्रसाद आ. माधोप्रसाद द्वारा दिनांक 1/8/49 को शिवनंदन उर्फ ननका प्रसाद को अपनी उक्त संपत्ति मकान वसीयत द्वारा दे दिया था। ननका प्रसाद उक्त संपत्ति पर काबिज एवं शांतिपूर्वक निवास करते हुए दिनांक 05/08/2002 को डोंगरगढ़ में उनकी मृत्यु हो गई। ननका प्रसाद की पत्नी की मृत्यु दिनाक 17/10/2003 को हो गई थी। आवेदकगण के पिता ननकाप्रसाद की मृत्यु हो जाने के कारण भूखंड क्र. 2193 रकबा 1110 वर्ग फूट भूमि मकान से राजस्व अभिलेखों में सरजू प्रसाद आ. माधोप्रसाद का नाम विलोपित कर वारिसान राजेश मौर्य व रूकमणी मौर्य का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज करवाना चाहता है। आवेदकगण के पिताजी व मां की मृत्यु होने के कारण शीट क्र. 7 भूखंड क्र. 2193 रकबा 1110 व.फू. भूमि मकान से दादा सरजू प्रसाद आ. माधोप्रसाद का राजस्व अभिलेखों से नाम विलोपित कर उसके वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किए जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 06/06/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक- 202505090100022/अ-21(1)**

विषय:-अ-21 (1) मामले की श्रेणी:-राजस्व सन:-2024-25 बोरतलाव (प ह नं. 00027), पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-श्री रामेश्वर, अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामेश्वर आ. श्री सुधुराम, जाति कंवर, निवासी ग्राम पैरीटोला, पोस्ट बम्हनी चारभांठा, तहसील छुरिया द्वारा स्वयं के स्वामित्व की ग्राम बोरतलाब, प.ह.नं. 27, रा.नि.मं. चौथना, तहसील डोंगरगढ़ स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 129/6, 129/10, 129/12 कुल खसरा नं. 03 कुल रकबा 1.417 हे. भूमि को निवास स्थान से दूर होने के कारण कृषि कार्य करने में कठिनाई तथा बच्चों की उच्च शिक्षा एवं पक्का मकान निर्माण करने हेतु रकम की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी को विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज के प्रस्तुत किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 19.06.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/05/2025 को जारी किया जाता है।

**मुकेश कुमार ठाकुर**
**तहसीलदार, तहसील - डोंगरगढ़**

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-5-9
229-3 455-4
राजधानी
3-5-8
467-7 277-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## आज दिव्यांग संघ करेगा सीएम का पुतला दहन

राजनांदगांव (दावा)। जिला दिव्यांग संघ के तत्वाधान में 5000 पेंशन सहित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर आज 3 जून को दोपहर 12 बजे जयस्तंभ चौक पर विष्णु देव साय मुख्यमंत्री का पुतला दहन एवं पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपकर आयोजन का समापन होगा। संघ ने समस्त दिव्यांगजनों को इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की हैं।

# जनसामान्य के साथ सभी का आचरण एवं व्यवहार अच्छा रहना चाहिए- कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे




- कलेक्टर ने ली जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक
- ऐसे शासकीय सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों जिनकी शास्तियों का भुगतान नहीं हुआ चिन्हांकित करने के दिए निर्देश
- सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय में कार्यालय पहुंचना करें सुनिश्चित

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के शासकीय सेवकों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार आज यहां विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। हम सभी सेवा भाव के साथ शासन के लिए कार्य करते है। समय पर मानदेय, समयमान-वेतनमान मिलना चाहिए। उन्होंने ऐसे शासकीय सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों का चिन्हांकन करने कहा जिनकी शास्तियों का भुगतान नहीं हुआ एवं पेंशन का प्रकरण नहीं बन पाया है। उन्होंने शिविर लगाकर पासबुक संधारण, पेंशन प्रकरण एवं वित्त से संबंधित समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा पांच दिन कार्यदिवस सुनिश्चित किया गया है। सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय में कार्यालय पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। जनसामान्य के साथ सभी का आचरण एवं व्यवहार अच्छा रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत मुख्यमंत्री के दिए गए निर्देशों के परिपालन में मैदानी अमला को दौरा करना है। शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी अच्छा कार्य करेंगे तथा शासन के निर्देशों का पालन करेंगे। इस अवसर पर पदोन्नति, यात्रा भत्ता, आरक्षण रोस्टर, संलग्नीकरण, युक्तियुक्तकरण, श्रम सम्मान राशि, कलेक्टोरेट में वाहन पार्किंग, डिजिटल क्रॉप सर्वे, स्वास्थ्य विभाग में भर्ती सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

इस दौरान छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन अंतर्गत छत्तीसगढ़ आरएमए एसोसिएशन, प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ, छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ, सर्व शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ के पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिल्पा देवांगन, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी, जिला संरक्षक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन संघ केएल टांडेकर, जिला संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन संघ के सतीश ब्यौहारे, छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के पीआर झाड़े, छत्तीसगढ़ सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी संघ से उत्तम फंदियाल, छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ के रामनारायण बघेल, छत्तीसगढ़ राज्य पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ संघ के डॉ. अशोक जैन, छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अरूण देवांगन, छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ के भीषम ठाकुर, छत्तीसगढ़ राजस्व निरीक्षक संघ के महेश साहू, छत्तीसगढ़ छात्रावास अधीक्षक कल्याण संघ के विजय यदु, छत्तीसगढ़ अनियमित कर्मचारी संघ के सुदेश यादव, छत्तीसगढ़ लघुवेतन चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के हरीश चंद्र यादव, छत्तीसगढ़ अजाक्स के डेविड भुआर्य, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के महेश्वर प्रसाद साहू, छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य संयोजक संघ के सुदेश टेम्भुरकर, कर्मचारी कल्याण संघ (क्षेत्रीय परिषद) के उपेन्द्र रामटेके, छत्तीसगढ़ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ के भूपेन्द्र गणवीर, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के लेखराम मात्रा, छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के संतोष देशमुख, सर्व शिक्षक संघ के डैनीराम वर्मा, छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ के माधो सिंह सहित शासन द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य सभी कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं तेजस उत्तम कुमार साहू आ. उत्तम कुमार आयु 19 वर्ष निवासी चिखली, वार्ड नं. 5, राजपूत गली, राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूं।

यह शपथ करता हूँ कि मैं अपना पुराना नाम तेजस कुमार के स्थान पर अपना नया नाम तेजस उत्तम कुमार साहू रखा लिया हूं। अत: आज से मेरे समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम तेजस उत्तम कुमार साहू के नाम से जाना व पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूं।

**तेजस उत्तम कुमार साहू**
आ. उत्तम कुमार
निवासी चिखली, वार्ड नं. 5, राजपूत गली, राजनांदगांव (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार छन्नूलाल नेताम आ. रम्हऊ राम नेताम जाति गोड निवासी ग्राम ठेठवार लंझिया तह. अं.चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अ.चौकी (छ.ग.) का निवासी हैं, वह अपने नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी करवाया गया है, जिसमें नाम के स्थान पर चन्नूरम आ. रंहऊ अंकित है, उक्त नाम गलत है, सही नाम छन्नूलाल नेताम आ. रम्हऊ राम नेताम है, उक्त नाम समस्त कागजातों में दर्ज हैं, इसलिए उक्त नाम को आधार कार्ड में सुधार कराना चाहता है, इस आमसूचना के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो सात दिवस के भीतर आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा नियत अवधि बीतने के पश्चात् उक्त आधार कार्ड में नाम का सुधार कर लिया जावेगा। अतएव आम सूचना प्रस्तुत है, जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान-अं.चौकी, दिनांक-02/06/2025

भवदीय
**दीनदयाल साहू** (अधिवक्ता)
निवासी व तहसील-अं.चौकी
जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सरजू राम कोर्राम आ. जल्लीराम कोर्राम जाति गोड निवासी ग्राम आटरा तह. अं.चौकी, जिला मोहला-मानपुर, अ.चौकी (छ.ग.) का निवासी हैं, वह अपने नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी करवाया गया है, जिसमें नाम के स्थान पर सरजू प्रसाद कोर्राम अंकित है, उक्त नाम गलत है, सही नाम सरजू राम कोर्राम आ. जल्लीराम कोर्राम है, उक्त नाम समस्त कागजातों में दर्ज हैं, इसलिए उक्त नाम को आधार कार्ड में सुधार कराना चाहता है, इस आमसूचना के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो सात दिवस के भीतर आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा नियत अवधि बीतने के पश्चात उक्त आधार कार्ड में नाम का सुधार कर लिया जावेगा। अतएव आम सूचना प्रस्तुत है, जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान-अं.चौकी, दिनांक-02/06/2025

भवदीय
**दीनदयाल साहू** (अधिवक्ता)
निवासी व तहसील-अं.चौकी
जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रमेश्री पति रामजी लाल उसारे जाति गोड निवासी ग्राम चापाटोला तह. मोहला जिला- मोहला-मानपुर, अ.चौकी (छ.ग.) का निवासी हैं, वह अपने नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी करवाया गया है, जिसमें नाम के स्थान पर रामेश्वरी अंकित है, उक्त नाम गलत है, सही नाम रमेश्री है, उक्त नाम समस्त कागजातों में दर्ज हैं, इसलिए उक्त नाम को आधार कार्ड में सुधार कराना चाहती है। इस आमसूचना के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो सात दिवस के भीतर आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा नियत अवधि बीतने के पश्चात उक्त आधार कार्ड में नाम का सुधार कर लिया जावेगा। अतएव आम सूचना प्रस्तुत है, जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान-अं.चौकी, दिनांक-02/06/2025

भवदीय
**दीनदयाल साहू** (अधिवक्ता)
निवासी व तहसील-अं.चौकी
जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रामजी लाल उसारे जाति गोड निवासी ग्राम चापाटोला तह. मोहला, जिला मोहला-मानपुर, अ. चौकी (छ.ग.) का निवासी हैं, वह अपने पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी करवाया गया है, जिसमें नाम के स्थान पर Ayushi Usare अंकित है, उक्त नाम गलत है, सही नाम AAYUSHI है, उक्त नाम समस्त कागजातों में दर्ज हैं, इसलिए उक्त नाम को आधार कार्ड में सुधार कराना चाहता है, तथा उसके आधार कार्ड मे पिता के नाम के स्थान पर Ramji Lal Usare तथा माता के नाम के स्थान पर Rameshwari अंकित है, दोनों नाम गलत है, सही नाम RAMJEE LAL USARE तथा माता की सही नाम RAMESHRI है। उक्त नाम को आधार कार्ड में सुधार कराना चाहता है। इस आमसूचना के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो सात दिवस के भीतर आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा नियत अवधि बीतने के पश्चात् उक्त आधार कार्ड में नाम का सुधार कर लिया जावेगा। अतएव आम सूचना प्रस्तुत है, जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान अं.चौकी, दिनांक-02/06/2025

भवदीय
**दीनदयाल साहू** (अधिवक्ता)
निवासी व तहसील-अं.चौकी
जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.)

# 15वें वित्त की राशि में आवंटन को लेकर कांग्रेस के जनपद सदस्यों के साथ किया जा रहा है भेदभाव- प्रीति वैष्णव



डोंगरगढ़(दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ क्षेत्र के कांग्रेस समर्पित जनपद सदस्यों के साथ सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा 15वें वित्त की राशि के आबंटन को लेकर भेदभाव करने का मामला प्रकाश में आया है। कांग्रेस के सभी निर्वाचित जनपद सदस्य अपने निर्वाचित क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं हेतु राशि की मांग को लेकर जिला पंचायत सी ई ओ, जिला कलेक्टर तथा अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ के पास गुहार लगाने के बाद जिला पंचायत राजनांदगांव कार्यालय के समक्ष सामूहिक रूप से धरने में बैठ गए।

बता दे की जनपद पंचायत डोंगरगढ़ को एक करोड उनतीस लाख रुपए की राशि 15 वित्त मे सभी क्षेत्रों मे विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए अनुमोदन के लिए दिया गया है। जनपद के पूर्व सभापति वर्तमान जनपद सदस्य महेश सेन ने बताया की 31 तारीख दिन शनिवार को जनपद सभाकक्ष मे सामान्य सभा की बैठक रखी गई थी। जिसमे विकास कार्यों का अनुमोदन होना था। किन्तु भाजपा समर्थित सदस्यों द्वारा कांग्रेस के 8 जनपद सदस्यों से ना ही प्रस्ताव माँगा गया न ही किसी प्रकार की सहमति ली गई। बैठक के दौरान जिसका विरोध जनपद सदस्यों ने पुर जोर तरीके से किया।

**○ विकासखंड के 32 ग्रामों के ग्रामीण मूलभूत सुविधा से होंगे वंचित**
**○ डोंगरगढ़ जनपद पंचायत का मामला**

जनपद पंचायत को एक करोड़ उनत्तीस लाख रुपए की राशि का प्रस्ताव क्षेत्र के विकाश के लिए भेजा गया है। लेकिन यहाँ पर भाजपा समर्थित सदस्यों ने पहले ही निर्णय ले लिया और सिर्फ 8 सदस्यों को 8 लाख का ही प्रस्ताव माँगा। मतलब एक सदस्य को सिर्फ एक लाख का प्रस्ताव माँगा गया। बाकि भाजपा समर्थित सदस्यों को 6 लाख और अध्यक्ष को 17 लाख उपाध्याक्ष को 12 लाख का प्रस्ताव पारित किया गया। जिसका पुरजोर तरीके से विरोध किया गया।

जनपद सदस्य प्रीति वैष्णव ने कहा कि 15वे वित्त की राशि के आबंटन में भाजपा जनप्रतिनिधियों की तानाशाही, जनता के अधिकार के पैसों का हनन कर सत्ता का रौब दिखा कर क्षेत्र को विकास से वंचित रखा जा रहा है जो शर्मनाक है। अगर क्षेत्र को विकास से वंचित रखा जाएगा तो सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगे। इस दौरान महेश सेन भोथली,प्रीति वैष्णव मेंढा,मंजू वर्मा डुंडेरा,उर्वशी वर्मा, जनपद सदस्य कुसमी ,मनहरण सिंह,अहिल्या कंवर कन्हारगाव, दुर्गा प्रसाद रात्रे पालंदूर एवम ग्राम पंचायतो के सरपंच व ग्रामीण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य में रूचि नहीं लेने के कारण कांट्रेक्टर मे. सिंग एसोसिएट भिलाई एवं ठेकेदार मे. दास कंस्ट्रक्शन के अनुबंध को किया निरस्त



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों के तहत विभागीय तकनीकी जांच के बाद कार्यरत ठेकेदार मेसर्स सिंग एसोसिएट भिलाई एवं ठेकेदार मेसर्स दास कंस्ट्रक्शन राजनांदगांव के अनुबंध को निरस्त कर दिया है। कलेक्टर डॉ. भुरे ने डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम झंडातलाब, नवागांव में कार्यरत ठेकेदार मेसर्स सिंग एसोसिएट भिलाई द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने और कार्य में किसी प्रकार की रूचि नहीं प्रदर्शित करने पर कार्य को निरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुबंध निरस्त कर अनुबंध की कंडिका 3 के तहत निविदा के लिए जमा अमानत राशि को शासन के पक्ष में राजसात करते हुये आगामी 1 वर्ष के लिये खंड कार्यालय राजनांदगांव में कार्य करने हेतु प्रतिबंधित किया है।

**एक वर्ष के लिए खंड कार्यालय राजनांदगांव में कार्य करने हेतु किया गया प्रतिबंधित**

इसी तरह कलेक्टर डॉ. भुरे ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पैरीटेका में कार्यरत ठेकेदार मेसर्स दास कंस्ट्रक्शन राजनांदगांव को बारम्बार पत्राचार पश्चात भी कार्य करने में कोई रूचि नहीं दिखाने के कारण निरस्तीकरण के निर्देश दिए। निरस्तीकरण के पहले ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कार्य में अनियमितता पाए जाने और ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत पत्र को अमान्य करते हुये अनुबंध निरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुबंध की कंडिका 3 के तहत निविदा हेतु जमा अमानत राशि को शासन के पक्ष में राजसात करते हुये आगामी 1 वर्ष के लिये खंड कार्यालय राजनांदगांव में कार्य करने हेतु प्रतिबंधित करते हुये निरस्तीकरण के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री साय से केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने की सौजन्य मुलाकात



रायपुर. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान सीएम साय ने पासवान को कोसा वस्त्र एवं बेल मेटल से बने स्मृति चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। गौरतलब है कि केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान आज एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचे थे

# नशीली टेबलेट बिक्री मामले में आरोपी बिहार राज्य के भागलपुर से गिरफ्तार




डोंगरगढ़ (दावा)। दिनांक-11 मई 2025 को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिला कि दंतेश्वरी पारा डोंगरगढ़ में रहने वाला साजन कुमार कनसारा खैरागढ़ रोड कक्कड़ पेट्रोल पंप के सामने डोंगरगढ़ में अवैध रूप से नशीली टेबलेट बेच रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये साजन कुमार कनसारा पिता गंगाराम कनसारा उम्र-35 वर्ष निवासी दन्तेश्वरी पारा डोंगरगढ़, स्थायी पता-ग्राम सबोर, ठठेरीटोला, पोस्ट-थाना सबोर जिला भागलपुर बिहार को पकड़ कर आरोपी से नशीली टेबलेट NITRAZEPAM TABEETS I.P. NITZA-SCEN-10 कुल 20 पत्ता प्रत्येक पत्ता में 10 नग टेबलेट कुल- 200 नग एवं बिक्री नगदी रकम 500 रू. जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 21(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। कार्यवाही दौरान आरोपी से पूछताछ करने पर बिहार भागलपुर के ग्राम सबोर के पास एक बस्ती में असलम नाम के व्यक्ति से खरीदना बताया था।

**0 डोंगरगढ़ पुलिस ने की 200 नग नशीली टेबलेट जप्त**
**0 पूर्व में गिरफ्तार आरोपी बिहार राज्य के भागलपुर में आरोपी से खरीदा था नशीली टेबलेट**

डोंगरगढ़ थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने आरोपी पता तलाश हेतु एक टीम गठित कर बिहार राज्य भेजी गई, जहां गठित टीम द्वारा आरोपी साजन कुमार कनसारा को नशीली टेबलेट बेचने वाले आरोपी नफीज परवेज उर्फ अक्षय उर्फ असलम पिता मोहम्मद गुलाम उम्र 29 साल निवासी फतेहपुर मुकेरीटोला, थाना जीरो माईल, आद्यौगिक प्रक्षेत्र भागलपुर बिहार को गिरफ्तार कर ट्रांजिस्ट रिमाण्ड में बिहार से लाकर डोंगरगढ़ न्यायालय में पेश किया गया है।

# पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन पर हुए विविध आयोजन



खैरागढ़ (दावा)। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन दिन विद्यार्थियों ने चयनित भाषा मराठी से संबंधित अनेक प्रस्तुतियां दीं। आज शिविर के समापन कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने प्रतिभागियों से अपनी मातृभाषा के साथ-साथ विभिन्न भारतीय भाषाओं को सीखने की आवश्यकता बताई। उन्होंने मराठी भाषा के लिए आयोजित इस ग्रीष्मकालीन शिविर को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत सार्थक बताया। इन छह दिनों में बच्चों ने जो भी सीखा, उसकी प्रस्तुति भी उनके द्वारा बारी-बारी से दी गई। मराठी भाषा में संवाद और परिचर्चा के साथ-साथ विचार अभिव्यक्ति और समूह गीत का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इस समर कैंप के बारे में अपने विचार और अनुभव रखे। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें छत्तीसगढ़ी और हिंदी के साथ-साथ एक नई भाषा सीखने को मिली। हँसी-खुशी और खेल-खेल के वातावरण में सीखना उनके लिए अत्यंत लाभदायक अनुभव रहा। शिविर में मराठी भाषा प्रशिक्षक के रूप में श्रीमती अमृता चौधरी ने मार्गदर्शिका के अनुरूप कुशलतापूर्वक विभिन्न गतिविधियां संपन्न कराईं। उनके साथ तकनीकी कार्यों के लिए स्वैच्छिक रूप से आयुष गुप्ता कंप्यूटर अनुदेशक ने अपनी सेवाएं दीं।

# डोंगरगढ़ पुलिस ने म्यूल एकाउंट खाताधारक को किया गिरफ्तार




**सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का व्यय न करने, उपयोग करने व संवर्धन करने में अपने खाता का करता था उपयोग**

डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस के द्वारा आज फिर एक म्यूल एकाउंट धारक के विरूद्ध कार्यवाही किया है। भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र के समन्वय पोर्टल में ऐसे म्यूल बैंक एकाउंट जिसका इस्तेमाल सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का व्ययन करने, उपयोग करने व संवर्धन करने के लिये उपयोग में लाया गया है कि जानकारी समन्वय पोर्टल में प्रदर्शित होता है। पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र में खोले गये म्यूल एकाउंट के धारकों के संबंध में जानकारी संकलित कर वैधानिक कार्यवाही कर रही है।

इसी तारतम्य में थाना डोंगरगढ़ में समन्वय पोर्टल से प्राप्त जानकारी अनुसार म्यूल बैंक खाता क्रमांक 5260101004072 शाखा केनरा बैंक डोंगरगढ़ के खाताधारक के विरूद्ध दिनांक 18.03.2025 को अपराध क्र.-112/2025 धारा- 411, 413, 414 भादंवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान खाता क्रमांक- 5260101004072 के धारक गुमेन्द्र वर्मा पिता अरूण कुमार उम्र- 29 निवासी ग्राम ठाकुरटोला थाना डोंगरगढ़ का पता तलाश कर पूछताछ किया जो दिनांक 15 मई 2024 को सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि 710 रू. तथा 3 जून 2024 को 70000 रू. अपने खाता में जमा होना बताया। आरोपी ऐसे रकम प्राप्त करने के लिये अपने खाता क्रमांक-5260101004072 को उपयोग करना बताये। आरोपी के विरूद्ध साक्ष्य सबुत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# जंगलपुर में तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ, ग्रामीण प्रतिभाओं को तराशने का प्रयास



डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक के ग्राम जंगलपुर में 1 जून से संस्कारधानी तीरंदाजी संघ जिला राजनांदगांव द्वारा हाईस्कूल प्रांगण में विशेष तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर ग्रामीण प्रतिभाओं को तराशने और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने हेतु 10 दिनों तक संचालित किया जाएगा, जिसमें सुबह और शाम दोनों सत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। बता दें कि संघ पिछले 13 वर्षों से निशुल्क तीरंदाजी प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। इसकी मुख्य शाखा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में स्थित है जबकि एक वर्ष पूर्व ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को ध्यान में रखते हुए जंगलपुर हाईस्कूल में दूसरी शाखा शुरू की गई थी। मात्र 3-4 बच्चों से शुरू हुए इस केंद्र में आज 50 बच्चे निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस दौरान यहां के 2 खिलाड़ियों ने अंतर विश्वविद्यालयीन राष्ट्रीय प्रतियोगिता और 10 खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व किया है।

शिविर के शुभारंभ अवसर पर डोंगरगाँव जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, उन्होंने अपने उद्बोधन में तीरंदाजी को भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श से प्रेरणा लेकर यह खेल आज बच्चों को मोबाइल गेम्स से हटाकर वास्तविक खेलों से जोड़ रहा है। उन्होंने प्रशिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए जनपद निधि से 1 लाख रुपये की आर्थिक सहयोग की घोषणा की और खिलाड़ियों को 2100 रुपये की पुरस्कार राशि भी प्रदान की। सरपंचों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशिक्षण शिविर को ग्रामीण युवाओं के भविष्य निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम बताया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षकों की टीम ने किया, जिनमें मुख्य कोच राहुल साहू, कुशल रजक, सहायक कोच अंजलि यादव और भूपेंद्र सिन्हा शामिल रहे। इस अवसर पर जंगलपुर सरपंच भूपेंद्र साहू, रामपुर सरपंच यतीश सिन्हा, बनभेड़ी सरपंच प्रतिनिधि गजेन्द्र साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष चंदूलाल साहू, उपसरपंच देवा साहू, पीटीआई आशीष साहू सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# साइकिल दिवस पर जिले में आयोजित हुई साईकिल रैली




राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मोमेंट को आगे बढ़ाने हेतु सण्डेस ऑन साइकिल का 25वा संस्करण 3 जून को विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर प्रातः 7:00 बजे खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन शहर के महापौर मधुसूदन यादव के मुख्य आतिथ्य, छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ए एक्का के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। महापौर मधुसूदन यादव ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। रैली अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से प्रारंभ होकर गौरव पथ होते हुए आंबेडकर चौक से वापस अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम परिसर में समाप्त हुई।

**महापौर मधुसूदन यादव ने दिखाई हरी झंडी**

इस अवसर पर मधुसूदन यादव ने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजनों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और अपने आप को फिट रखना है। सरकार के इस आयोजन का उद्देश्य आमजनों को स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित करना है, श्री यादव ने कहा कि हम सभी को अपने दैनिक जीवन मे सुबह रोज़ कम से कम 30 मिनट का व्यायाम व साइकलिंग करना ही चाहिए। साथ ही साइकिल को दैनिक जीवन में उपयोग में लाने आव्हान किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने उपस्थित जनों को शपथ दिलाई गई।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती प्रियंका करनजेकर, पार्षद वार्ड नम्बर 22, प्रिंस भाटिया (सचिव जिला हैंडबॉल संघ), श्रीमती संध्या ध्रुव (व्हालीबाल कोच), शकील अहमद (कोच खेलो इंडिया), पंकज कुरंजेकर, पंकज पांडेय, परमजीत सिंह, प्रियंका, दिव्या, (सभी कोच एसटीसी राज), प्रदीप शर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र तिवारी ने किया एवं आभार फ़िरोज़ अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी द्वारा किया गया।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से अपने घर के छत पर 300 यूनिट तक बिजली का उत्पादन




राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से अपने घर के छत पर ही 300 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली उत्पादन किया जा सकता हैं। इसके लिए उपभोक्ताओं को सस्ते ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध किया जा रहा है। इसके साथ ही अधिकतम 78 हजार रूपए का अनुदान भी किया जाता है। हमारे सौर मंडल में ऊर्जा का सबसे बड़ा स्त्रोत सूर्य है। सौर ऊर्जा को ग्रीन एनर्जी भी कहते हैं, क्योंकि इससे बिजली उत्पादन में प्रदूषण नहीं होता। यदि लोगों के घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जाए तो यह बिजली आम जनता को नि:शुल्क मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है। जिसके तहत मार्च 2027 तक देश के एक करोड़ घरों में रूफ टॉप सोलर प्लांट लगवाने का संकल्प लिया गया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ में 5 लाख रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य रखा है। एक से तीन किलोवॉट तक का सोलर प्लांट लगाने के लिए 30 हजार से 78 हजार रूपए तक का अनुदान दे रही है। तकनीकी रूप से तीन किलोवॉट के सोलर प्लांट में हर माह औसतन 300 यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। छत पर उत्पादित पूरी बिजली, यदि आपके घर में उसी माह उपयोग नहीं होती तो वह सीएसपीडीसीएल के ग्रिड में संरक्षित कर आगामी माह के उपयोग हेतु उपलब्ध रहेगी। जिसका फायदा लाभार्थी घरेलू उपभोक्ता को निरंतर प्राप्त होता रहेगा। उपभोक्ता पीएम सूर्यघर योजना के पोर्टल या मोबाइल ऐप में जाकर पंजीयन कराएं और इस योजना के सभी लाभ ले सकते हैं। यह योजना बिजली बिल हाफ नहीं बल्कि बिजली बिल समाप्त कर देगी। यानी आपको 3 किलोवॉट के सोलर प्लांट पर 300 यूनिट बिजली हर माह मुफ्त मिलेगी। आप खुद बिजली के उत्पादक भी हैं और उपभोक्ता भी।

**○ सोलर प्लांट लगाने के लिए 30 हजार से 78 हजार रूपए तक का अनुदान**
**○ योजना से लाभान्वित होने ऑनलाईन कर सकते हैं आवेदन**

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत लाभार्थियों को 78 हजार रूपए तक अनुदान सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। इस योजना से बिजली बिल कम और नवीन रोजगार सृजन होगा तथा अक्षय ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। योजनांतर्गत औसत मासिक विद्युत खपत 0-105 यूनिट के लिए 1-2 किलो वॉट के रूफटॉप सोलर प्लांट क्षमता हेतु 30 हजार रूपए से 60 हजार रूपए तक का अनुदान दिया जाएगा। औसत मासिक विद्युत खपत 150-300 यूनिट के लिए 2-3 किलो वॉट के रूफटॉप सोलर प्लांट क्षमता हेतु 60 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक का अनुदान। औसत मासिक विद्युत खपत 300 से अधिक यूनिट के लिए 3 किलो वॉट से अधिक रूफटॉप सोलर प्लांट क्षमता हेतु 78 हजार रूपए तक का अनुदान। ग्रुप हाऊसिंग सोयायटी एवं निवासी कल्याण संघ के लिए 18 हजार रूपए प्रति किलोवाट अनुदान का प्रावधान है।

## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से लाभान्वित होने आवेदन करने की प्रक्रिया

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया 5 स्टेप में की जा सकती है। पहले स्टेप में सबसे पहले पोर्टल www.pmsuryaghar.gov.in पर रजिस्टर व पंजीयन कराना होगा। अपने राज्य का चुनाव कर इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी, इलेक्ट्रिसिटी कन्ज्यूमर नंबर का चुनाव करना होगा। अपना मोबाईल नंबर और मेल आईडी प्रविष्ट करना होगा। स्टेप-2 में कन्ज्यूमर नंबर और मोबाईल नंबर से लाग-इन कर रूफटॉप सोलर के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्टेप-3 में अब अप्रूवल के लिए इंतजार करना होगा एवं विद्युत विभाग में पंजीकृत वेंडर से ही सौर संयंत्र लगवायें। स्टेप-4 में एक बार इंस्टालेशन पूरा हो जाने पर प्लांट का विवरण जमा करना होगा और नेट मीटर के लिए ओवदन करना होगा। स्टेप 5 में नेट मीटर की स्थापना और डिस्कॉम द्वारा निरीक्षण के बाद पोर्टल से प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। स्टेप-6 में कमिशनिंग रिपोर्ट प्राप्त कर, अपना बैंक खाता विवरण तथा निरस्त चेक पोर्टल के माध्यम से जमा करना होगा। इसके बाद तीन दिनों के भीतर आपको सब्सिडी प्राप्त हो जायेगी।

# छत्तीसगढ़ में हर दिन हादसों में जा रही 22 लोगों की जान, इंटरसेप्टर से रखी जाएगी बस और ट्रकों पर नजर




रायपुर। सड़क हादसे रोकने के लिए वाहनों की रफ्तार पर जल्दी ही ब्रेक लगेगा। बारिश के मौसम को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा पुलिस और परिवहन विभाग को इसके निर्देश दिए गए हैं। तेज रफ्तार से चलने वाली यात्री बसों और मालवाहकों की इंटरसेप्टर वाहन के जरिए निगरानी करने को कहा गया है।

## हादसों में रोज जा रही 22 की जान

प्रदेश में सड़क हादसों में रोज औसत 22 लोगों की जान जा रही है। अप्रैल-2024 में 5,322 सड़क दुर्घटनाओं 2,591 व्यक्ति की मौत हुई और 4,825 लोग घायल हुए थे। इसी अवधि में वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटनाओं में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं मौत के आंकड़े में 12.5 प्रतिशत और घायलों के आंकड़े में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मई में भी हादसे, मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ी है।

## अनमोल दावा

> अपने अंतर्मन और अपने कर्मो पर विश्वास रखिए आपके अच्छे कर्म आपको वो बस देंगे जो हर हाल में आपका है।

# बाहरी विशेषज्ञों की उपयोगिता का प्रश्न

आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए नीति संबंधी परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। ऐसे में इस पर विचार हो कि क्या केवल योजनाओं और निवेश के बल पर देश विविध चुनौतियों का सामना कर सकता है?

समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए जरूरी है कि मौजूदा संस्थागत ढांचों की समीक्षा की जाए, जिससे वे नई चुनौतियों को हल करने में सक्षम हो सकें। शासकीय नीति तंत्र को बेहतर कार्य पद्धति के साथ विकसित करने, सुधार एजेंडे को समुचित स्वरूप देने एवं संवेदनशील अनुसंधान करने के लिए कौशल एवं व्यावसायिकता विकसित करने पर ध्यान देना आज एक बड़ी चुनौती है।

शहरी विकास के मामले में विशिष्ट एवं समयबद्ध कार्यों के लिए बाहरी परामर्शदाताओं पर निर्भर रहने की जगह अब सरकारी तंत्र में परामर्शदाता फर्मों या थिंक टैंकों के अस्थायी विशेषज्ञ बढ़ रहे हैं। इससे शहरी मामले जटिल भी हो रहे हैं। इसे देखते हुए थिंक टैंकों को और अधिक विश्लेषणात्मक कौशल से लैस होना होगा, क्योंकि सरकारी तंत्र का हिस्सा आवश्यक आंतरिक कौशल को विकसित करने के स्थान पर अस्थायी स्टाफ एवं बाहरी ठेकेदारों पर निर्भर हो रहा है।

कुछ पेशेवर अक्सर संपूर्ण कार्यक्षेत्र का प्रबंधन करते हुए संस्थागत कार्यप्रणाली का अभिन्न हिस्सा बन जाते हैं। स्टाफ की कमी और विस्तारित दायित्वों के कारणों से ऐसा और हो रहा है। निःसंदेह परामर्शदाताओं से सरकारी तंत्र को लाभ मिलता है, क्योंकि वे नीतियां बनाने के लिए सरकारी तंत्र को तकनीकी सलाह देने के साथ अन्य थिंक टैंकों के शोध निष्कर्षों को भी साझा करते हैं, जिससे बेहतर नीतियां बन पाती हैं, लेकिन इससे कुछ सरकारी विभागों की अपनी आंतरिक विशेषज्ञता समाप्त हो रही है, क्योंकि वे परामर्शदाताओं या अस्थायी विशेषज्ञों पर अधिक निर्भर हो रहे हैं। बाहरी विशेषज्ञों पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता सरकारी तंत्र की दीर्घकालिक सुदृढ़ता के लिए चिंताजनक है।

परामर्शदाता को किसी विशिष्ट कार्य के लिए एक निश्चित समयसीमा के लिए नियुक्त किया जाता है और कार्य की प्रगति के आधार पर उसे भुगतान किया जाता है। केंद्र और राज्यों के बहुतेरे कार्यालयों में कई पेशेवर परामर्शदाता अस्थायी सरकारी कर्मियों की तरह काम करते हैं। प्रायः इन विशेषज्ञों के कार्यकाल भी बढ़ते रहते हैं। इससे वे दीर्घकालिक नीति-निर्माता बन जाते हैं। ऐसा ढांचा च्न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासनज्ज् के मंत्र से प्रेरित है, लेकिन यह ऐसी स्थिति की ओर भी ले जा रहा है जहां बाहरी विशेषज्ञ मुख्य कार्यबल को सहयोग देने के बजाय उनकी जगह ले रहे हैं। कुछ परामर्शदाता ऐसे कार्य भी करने लगे हैं जो स्थायी लोकसेवकों के जिम्मे होते हैं। यह स्थिति नियमित कर्मियों और बाहरी विशेषज्ञों के बीच संतुलन के बारे में कई प्रश्न उठाती है।

मुख्य नीतिगत निर्णय लेने का अधिकार ऐसे स्थायी कर्मियों के पास ही होना चाहिए, जो जवाबदेह भी हों। आखिर स्थायी स्टाफ ही किसी विफलता या प्रतिकूल परिणाम के लिए उत्तरदायी होता है। लोकसेवकों का दीर्घकालिक अनुभव नीतिगत प्रभावों की व्यापक समझ प्रदान करता है। यह विशिष्ट विशेषज्ञता वाले व्यक्तियों द्वारा प्राप्त नहीं हो सकता। खास परियोजनाओं में काम करने वाले विशेषज्ञों या परामर्शदाताओं में इस व्यापक परिप्रेक्ष्य का अभाव हो सकता है।

बाहरी विशेषज्ञता पर ब्रिटेन में 2021 में हुए एक शोध से पता चला कि परामर्शदाताओं पर अरबों खर्च किए गए, लेकिन इससे सरकारी कर्मियों को सीमित जानकारी ही मिल सकी। इसके बाद वहां परामर्शदाताओं की कार्य-अवधि की सीमा तय करने के उपाय हुए। दीर्घकालिक सफलता के लिए परामर्शदाताओं के ज्ञान एवं कौशल का हस्तांतरण आंतरिक कर्मियों को किया जाना महत्वपूर्ण है। मूल नीतिगत जिम्मेदारी स्थायी कर्मियों में ही होनी चाहिए, लेकिन हमारी सरकारी संस्थाओं में अभी इस बारे में कोई मानक नियम नहीं कि परामर्शदाताओं को कितने समय के लिए नियुक्त किया जा सकता है?

क्या एक परामर्शदाता की कार्य अवधि तीन से पांच वर्ष होनी चाहिए? संवेदनशील डाटा संभालने या मंत्रिस्तरीय निर्णयों को प्रभावित करने वालों की नियुक्ति के पहले कौन सी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए? क्या इसकी नियमित समीक्षा होनी चाहिए कि उन पर खर्च का उचित प्रतिफल प्राप्त होने के साथ संसाधनों का प्रबंधन प्रभावी ढंग से हो पा रहा है या नहीं?

आज के युग में सरकार की क्षमता के विकास के लिए इन जैसे प्रश्नों पर विचार हो, ताकि परामर्शदाता देश की प्रगति में अच्छे से सहायक बन सकें। उनकी विशेषज्ञता सरकारी तंत्र को विकसित करने की होनी चाहिए, न कि स्वयं तंत्र का रूप लेने की। आत्मनिर्भर भारत के लिए ऐसे तंत्र की आवश्यकता है, जिनका नेतृत्व कुशल एवं स्थायी कार्यबल द्वारा किया जाता हो। भारत इस च्विशेषज्ञता के बंधनज् से तभी उबर सकता है जब वह अपनी क्षमता निर्माण में व्यापक रूप से निवेश करे, बाहरी संस्थाओं की भूमिकाओं के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश तय करे। हमें यह जानना होगा कि हमारी नीतिगत संस्थाओं का वास्तविक नियंत्रण किसके हाथ में है और उसे किसके हाथ में होना चाहिए?

# गिद्ध नजर औरतों के गहनों पर

**नसीम अंसारी कोचर**

फिल्म 'मदर इंडिया' देखने वाली पीढ़ी को याद होगा कि कैसे राधा ने अपने बेटे शामू की शादी का खर्च पूरा करने के लिए अपने सोने के कंगन साहूकार सुखी लाला के पास गिरवी रखे थे. हर माह सूद वसूलने के बाद भी सुखी लाला की नीयत उन सोने के कंगनों पर खराब हो गई थी. वह राधा के कंगन हड़प लेने के चक्कर में था, तभी राधा का बेटा बिरजू सुखी लाला के पास से वे कंगन चुरा लाता है. मगर चोरी का इलजाम लगने के बाद बिरजू को गांव से बाहर निकाल दिया जाता है और बिरजू डाकू बन जाता है. उस डाकू को गोली मारने को महिमामंडित करने के लिए ''मदर इंडिया'' बनाई गई ताकि जनता को संदेश मिले कि गिरवी रखे गहने तो हमेशा के लिए चले जाते हैं. यह महानता का काम नहीं था, यह कोरा षड्यंत्र था अमीर साहूकारों का धंधा बनाए रखने का. सच तो यह है कि डाकू बिरजू नहीं, बल्कि वह साहूकार सुखी लाला था जिस की नीयत राधा के कंगनों पर खराब हो गई थी और सूद की रकम पाने के बाद भी उन्हें वह लौटाना नहीं चाहता था.

सोने के प्रति दशकों पहले का लालच आज भी ज्यों का त्यों है. आज तमाम सरकारी और गैरसरकारी बैंक व प्राइवेट बैंकिंग वित्तीय संस्थान साहूकार सुखी लाला की भूमिका में हैं जिन की गिद्ध नजरें औरतों के सोने पर टिकी रहती हैं, जिसे अपने पास गिरवी रखने के लिए पहले तो वे खूब चिकनीचुपड़ी बातें कर ग्राहकों को फांस लेते हैं और फिर पहला मौका मिलते ही वे उस सोने को हड़प जाते हैं. सरकार पूरी तरह इन संस्थानों के साथ है, जनता का सोना हड़पने की तमाम कोशिशें जारी हैं.

इस साजिश के पीछे अमीरों के बैंक और उन में काम कर रहे कर्मचारी जुटे हुए हैं. ऐसी खबरें आएदिन अखबारों की सुर्खियों में रहती हैं जब बैंक में अपने घर का सोना गिरवी रखने के बाद ग्राहक बैंक द्वारा ठगा जाता है. अभी 3 अप्रैल, 2025 की न्यूज है जब रायचूर पुलिस में एक कम्प्लैंट हुबली के विद्यानगर में बैंक औफ महाराष्ट्र के जोनल अधिकारी सुजीत डिसूजा ने

रायचूर में गांधी चौक के पास बैंक औफ महाराष्ट्र शाखा के प्रबंधक के नरेंद्र रेड्डी के खिलाफ दर्ज करवाई. नरेंद्र रेड्डी गोल्ड लोन में हेरफेर कर बैंक का 10.9 करोड़ रुपया ले कर फरार हो गया था.

**कितना सुरक्षित आप का सोना**

11 जनवरी, 2025 को पाली जिले में धनवर्षा गोल्ड लोन ब्रांच, जिस में कुछ लोगों ने अपना सोना गिरवी रखा हुआ था, के लौकर से असली सोने के गहने निकाल कर नकली जेवर रख दिए गए.



जो सोना बैंककर्मियों ने गायब किया उस की कीमत 1.25 करोड़ रुपए के लगभग थी. पीड़ित चांदनी गहलोत, हितेश टांक, सत्यनारायण टांक, किशन लाल, इशिता गहलोत, अमरचंद इस घटना के बाद से सकते में हैं. अब बैंक भी नहीं बता रहा कि उन का सोना उन्हें वापस मिलेगा भी या नहीं. पुलिस में केस दर्ज हो चुका है. पुलिस कछुए की गति से काम कर रही है.

12 दिसंबर, 2024 को दिल्ली के नजदीक नोएडा में गोल्ड लोन देने वाली कंपनी की मैनेजर ने ही करोड़ों का सोना गायब कर दिया. मामला थाना सैक्टर 20 में दर्ज हुआ है. क्षेत्र के सैक्टर 18 स्थित एक गोल्ड लोन उपलब्ध कराने वाली कंपनी में कार्य करने वाली महिला मैनेजर के खिलाफ एफआईआर हुई है, जिस ने करोड़ों रुपए के सोने के जेवरात की धोखाधड़ी कर ली. इस मामले में सहायक ब्रांच मैनेजर ने थाना सैक्टर 20 में मुकदमा दर्ज करवाया है. मैनेजर का कहना है कि सैक्टर 18 स्थित उन की ब्रांच से कुछ दिनों पहले 15 लाख रुपए का गोल्ड लोन का पैकेट उन के यहां काम करने वाली ब्रांच मैनेजर ने चुरा लिया. ब्रांच मैनेजर अपने कपड़ों में पैकेट छिपाती हुई सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है. 15 दिसंबर, 2024 को रोहतक, हरियाणा के एक बैंक का मैनेजर डेढ़ करोड़ रुपए का सोना ले कर चंपत हो गया. परेशान ग्राहक आज भी बैंक के चक्कर काट रहे हैं. रोहतक के भिवानी चुंगी पर एक निजी बैंक की ब्रांच है, जो लोगों का सोना गिरवी रख कर लोन देती है. बैंक मैनेजर 11 दिसंबर को सुबह 14 पैकेट सोना व 12 दिसंबर को सुबह 10 बजे 11 पैकेट सोना ले कर बैंक से गायब हो गया. कर्मचारियों को जब शक हुआ तो उन्होंने उच्च अधिकारियों को इस की जानकारी दी.

इस के बाद उच्च अधिकारियों ने बैंक के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिस में बैंक मैनेजर सभी पैकेट ले जाता हुआ दिखाई दिया. जिस समय मैनेजर यह पैकेट ले कर जा रहा था उस वक्त अन्य कर्मचारी भी बैंक में मौजूद थे, लेकिन किसी को भी शक न हुआ और मैनेजर मौके से सोना ले कर फरार हो गया. इस सोने की कीमत डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक थी.

बैंकों के कर्मचारियों को पहले इस रिपोर्ट में लिया गया है क्योंकि यही ग्राहकों को दिखते हैं. भारतीय रिजर्व बैंक, वित्त मंत्रालय और बैंकों के बोर्डों में बैठे जो लोग भारीभरकम डॉक्यूमेंट बनाते हैं वे किसीकिसी को दिखते हैं पर असली सुखी लाला वे ही हैं.

सोने पर किसी की भी नीयत खराब होते देर नहीं लगती. बैंक के लौकर में आप का सोना कितना सुरक्षित है, इस का अंदाजा इन खबरों से आसानी से लगाया जा सकता है. ये तो चोरी की वारदातें हैं जो आएदिन बैंकों में घट रही हैं. इस के अलावा आप का सोना वित्तीय संस्थानों के नियमों के तहत भी हड़प लिया जाता है. सोने का बाजार जितना तेजी से ऊपर चढ़ रहा है, उस के मुकाबले अन्य सभी व्यापार फीके हैं. मोदी सरकार ने पहले नोटबंदी कर आप, खासकर, गृहिणियों की बचत का सारा नकद पैसा बाहर निकलवा लिया. उन्हें बैंकों में जमा करवा लिया. इस में से बहुत सा पैसा कमीशन एजेंटों ने उड़ा डाला जिन्होंने आधी रात की डकैती को जामा पहनाया था. अब तमाम बैंक और वित्तीय संस्थान गृहिणियों के गहने भी निकलवाने की जुगत में हैं. उन के द्वारा जो गोल्ड लोन के बड़ेबड़े विज्ञापन दिए जा रहे हैं उन से ऐसा मैसेज जा रहा है जैसे आप का सोना आप की अलमारी में या लौकर में रखारखा सड़ रहा है. हर बैंक के बाहर गेटनुमा विज्ञापन लगे हैं कि गोल्ड लोन लो, मानो वहां मुफ्त खाने का लंगर लगा हो.

**नए जमाने के महाजन**

आरबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश की सरकार के अपने कुल स्वर्ण भंडार में से करीब 414 मीट्रिक टन सोना विदेशी तिजोरियों में रखा हुआ है. मार्च 2024 के अंत तक आरबीआई के पास 822.1 टन सोना था. इस सोने का 413.8 टन हिस्सा विदेशी वौल्टों में रखा था. सोना व्यापार, सुरक्षा और अन्य वित्तीय कारणों से विदेश में रखा जाता है. रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण अनेक विदेशी बैंकों ने रूस को अपने यहां जमा सोने को निकालने पर प्रतिबंध लगा दिए थे, जिस से दूसरे कई देश चिंतित हैं. हाल ही में आरबीआई 100 टन सोना ब्रिटेन से वापस लाया है. दुनियाभर में युद्ध और मंदी की बढ़ती आशंकाओं के बीच आरबीआई अपने स्वर्ण भंडार को भारत में स्थानांतरित करने की योजना बना रहा है. दूसरी तरफ देश के सरकारी व गैरसरकारी बैंक और फाइनैंस कंपनियां भारत के घरों में रखे गृहिणियों के जेवरों को भी बाहर निकालने के लिए गोल्ड लोन जैसे औफर्स का खूब प्रचारप्रसार कर रहे हैं. सरकारी अधिकारियों की देखरेख में सोना कितना सुरक्षित है, इस की गारंटी कौन सा वित्त मंत्री, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रिजर्व बैंक ले सकता है. जहां भी सोना रखा है वहां दोचार लोगों को ही पता है कि कितना सोना हिसाब में लिखा है और वास्तव में वौल्ट में (तिजोरी में) कितना है. कुछ सौ किलो सोने की हेराफेरी कर डाली जाए तो पीढ़ियों तक हिसाब नहीं मिलाया जा सकता.

जमीन और सोना ऐसी चीजें हैं जिन के दाम समय के साथ बढ़ रहे हैं. पुरानेसमय में लोग जरूरत पड़ने पर अपनी जमीन महाजन या गांव के अमीर किसान के पास गिरवी रख कर पैसा उधार उठाते थे. जमीन पर चूंकि हमेशा से पुरुष अपना अधिकार मानता रहा है तो उस को बेचने या गिरवी रखने के लिए वह अपनी पत्नी या घर की किसी अन्य महिला से पूछने या मांगने की जरूरत नहीं समझता था. लेकिन जिन के पास जमीन नहीं होती थी या जो जमीन गिरवी नहीं रखना चाहते थे, वे पत्नी के गहने गिरवी रखते थे जिस के लिए उन्हें पत्नी से बड़ी मानमनौअल करनी पड़ती थी.

शेष पृष्ठ कल के अंक में....

सरिता से साभार

## विचार सरिता

# हँसी के किस्से: बिन मौसम की बरसात और पकौड़े के बदले मिले आईसक्रीम

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



इस बार अपने निर्धारित समय से पंद्रह बीस दिनों पूर्व ही मानसून आ गया। नवतपे में नौ दिनों तक धरती तपती है। क्या मनुष्य, क्या पशु पक्षी सभी त्राहि-त्राहि करते है। कूलर, पंखा, ए.सी. सभी पूर्ण तेजी के साथ गतिमान रहते हैं। जलजीरा, आम का पना, शर्बत, बर्फ का गोला और आईसक्रीम सभी का महत्व बढ़ जाता है। लोग ठंडे पानी के लिए मिट्टी के घड़े और फ्रिज के शरणागत हो जाते हैं। अगर यात्रा पर निकलना हो और रास्ते में ठंडा पानी मिलने की संभावना न हो तो लोग थर्मसयुक्त बोतलों में ठंडा पानी और उसमें बर्फ मिलाकर निकलते हैं। आसमान में सूरज देवता अग्निवर्षा करते हैं कि सब लोग घर में ही दुबके रहो लेकिन पापी पेट का सवाल है। जिनकी रोजी रोटी है, वे तो घर से निकलेंगे ही। स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी परीक्षा दिलाने के लिए जाएँगे ही। वहीं, जो सैर सपाटे के शौकीन हैं, वे घर से बाहर निकलेंगे ही।

जब नवतपे के पहले दिन ही आसमान से बादलों की वर्षा हुई तो कवि कुमार ने कहा कि यह बिन मौसम बरसात है और कल से फिर आग के गोले बरसेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

जब अगली सुबह भी आसमान में बादल दिखाई दिए तो कवि कुमार का दिमाग घूम गया। उनकी पत्नी रिमझिम ने सामने टी-टेबल में चाय रखते हुए कहा,

''अजी। कब तक यूँ ही बैठे-बैठे सोचते - विचारते रहेंगे। क्या हिल स्टेशन जाने का इरादा नहीं है?''

कवि कुमार ने कहा, ''अब हिल स्टेशन जाने की क्या जरूरत है? जिस रफ्तार से रोज पानी गिर रहा है, उससे मौसम ठंडा हो गया है और अपना शहर भी हिल स्टेशन बनने जा रहा है।''

''लो, अब मौसम भी आपकी तरह रंग बदलने वाला हो गया है। यह भी आपके आलस्य में साथ देने वाला हो गया है।'' रिमझिम ने कवि जी पर कटाक्ष किया।

''यह मेरी तरह आलसी नहीं बल्कि मेरी तरह चुस्त-दुरुस्त और तेज हो गया है, इसलिए समय से पहले आ गया है।'' कवि कुमार ने मुस्कुराते हुए कहा।

कवि कुमार ने देखा कि बारिश फिर शुरु हो गई है।

उन्होंने रिमझिम से कहा, ''जरा मेरा छाता ढूंढिए। मैं बाहर से होकर आता हूँ। और हाँ, कुछ खाने का भी ले आइए।बने तो पकौड़े बढ़िया रहेंगे। मौसम का मिजाज नरम है।''

थोड़ी ही देर में रिमझिम एक हाथ में छाता और दूसरे में प्लेट लेकर प्रकट हुई। छाता हाथ में लेते हुए कवि ने प्लेट की ओर देखा। फिर पत्नी ने कहा, ''यह क्या? गरम पकौड़े के बदले आईसक्रीम?''

''तो क्या करती? मौसम भले बदल गया है पर पहले से लाकर रखी गई फैमिली पेक आईसक्रीम अभी ढेरों रखी है।'' पत्नी ने नहले पर दहला मारा।


कवि कभी पत्नी को, तो कभी आइसक्रीम को देखने लगे।

## शब्द सामर्थ्य -067

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 066 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खों |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

## सू- दोकू क्र.067

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.066 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

### ट्रम्प के पास 'ट्रम्प' के अनेक पत्ते हैं

बानी बोले - ''गजाधर !
मुझे अच्छी लगी यह खबर -
अमेरिकी फेडरल कोर्ट ने
व्यापार घाटे की
'राष्ट्रीय आपत्ति काल'
बताने की दलील खारिज की।
'ट्रम्प-टैरिफ' पर रोक लगा दी।
अमेरिकी कोर्ट ने कहा -
''यहां राष्ट्रपति की मनमर्जी
नहीं चल सकती।''
गजाधर! न्यूजर्सी में रहने वाली
रामजी की बेटी से आप कहते,
तो वे क्या कहती?''
गजाधर मुस्कराए बोले -''बानी!
वे क्या कहती,
यह तो हम नहीं जानते हैं
पर हम यह मानते हैं-
अभिमानी राष्ट्रपति ट्रम्प के पास,
'ट्रम्प' के एक ही नहीं
अनेक पत्ते हैं।
तो वे एक टैरिफ पर रोक पर
चुप नहीं बैठे सकते हैं।
वे अपने अभिमान को
आहत कतई नहीं होने देंगे,
वे ट्रम्प के दूसरे पत्ते
बड़ी शान से चल सकते हैं। ''



गिरीश बख्शी

## कविता

### तमाशें के दौर

इस तमाशें के दौर में,
बड़ी लम्बी फेहरिस्त है।
किस-किस का नाम धरु,
सब तरफ बेईमानी है।
कोई जब ईमान की बात करें,
उसका नहीं कोई सरोकार है।
जहां राष्ट्र हित की बात हो,
इस पर भी राजनीति करनी है।



गजेंद्र बख्शी
रिद्धि सिद्धि कालोनी
राजनांदगांव

## कविता


### सास और बहू

हमने सुना है कि
औरते सब फर्ज अच्छे से निभा लेती है
माँ की, बेटी की, बहन की
चाची की, भाभी की और दादी की
हर रूप गुणकारी है, श्रेष्ठ है
प्रत्येक के अपने महत्व है
बस नहीं निभा पाती तो वह रूप है
सास की, बहू की
दोनों एक-दूजे के विरोधक रहे हैं
दोनों में कभी बन नहीं पाई है
अब इसमें किसकी गलती कहूँ?
सास की या बहू की
या दोनों की
इसमें गलती स्त्री की है
जो सास बनकर माँ नहीं बन पाती
बहू बनकर बेटी सा जतन नहीं कर पाती।।



चन्द्रकांत खुंटे
''क्रांति''
जांजगीर-चाम्पा
(छत्तीसगढ़)


## राशिफल



**मेष**
आज का दिन बेहतर रहने वाला है। आज लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आपको निजात मिलेगा और आपकी चतुराई और योग्यता की सराहना होगी। आज किसी अनुभवी के मार्गदर्शन से प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री संबंधी रुका काम पूरा हो जाएगा। कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी और विशेष मुद्दों पर बातचीत भी होगी जो कि सकारात्मक रहेगी।



**वृष राशि**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज दिन भर भागा-दौड़ी की स्थिति रहेगी लेकिन कार्य भी सुचारू रूप से बनते जाएंगे। सूझबूझ और व्यवहार कुशलता से अपने काम के प्रति व्यस्त रहेंगे। आज व्यस्ततम दिनचर्या रहेगी लेकिन आप अपने कार्यों को सहज ही पूरा भी कर लेंगे। आज कोई भी बड़ा फैसला लेते समय अपने शुभचिंतकों की राय की अनदेखी करने की भूल न करें।




**मिथुन**
आपके लिए आज का दिन खास होने वाला है। किसी भी नए निवेश के बारे में प्लान करें, आपको अच्छा लाभ हो सकता है। घर में किसी नन्हें मेहमान के आगमन संबंधी शुभ समाचार मिलने से उत्सव का माहौल रहेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से किए गए काम में आपको सफलता मिलेगी। आज कोई भी विशेष निर्णय लेते समय बेहतर होगा कि आप किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लें।



**कर्क**
कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे तो आपकी उपस्थिति को महत्व मिलेगा। कोरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का आज समाज में दबदबा बना रहेगा। आज रुका हुआ पैसा मिल सकता है। हालांकि, दिन की शुरुआत में चुनौतियां रहेंगी।




**सिंह**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यस्थल पर गंभीरता और ईमानदारी से अपने प्रोजेक्ट को अंजाम दें, इस समय आपकी तरक्की के भी योग बन रहे हैं। आज समय आपके पक्ष में है। काम आसानी से बनेंगे और किसी नई योजना पर भी काम करने का अवसर मिलेगा। परिवार और फाइनेंस से संबंधित लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय सकारात्मक रहेंगे ।




**कन्या**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रॉपर्टी से रिलेटेड कोई बात करेंगे और फाइनेंस संबंधित कुछ योजनाएं बनेंगी। आज आपका काम करने का जुनून आपको मेहनत करने की क्षमता प्रदान करेगा। आज किसी भी ऑफिशियल यात्रा को करने के लिए समय अनुकूल है। आज पारिवारिक सदस्यों के बीच प्रेम और सामंजस्य की भावना बनी रहेगी।




**तुला**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज जिम्मेदारियां रहेंगी, लेकिन उनसे भागने के बजाय उन्हें बेहतर तरीके से पूरा करने की कोशिश करेंगे। आज जल्दबाजी और भावुकता में कोई निर्णय न लें। आज कारोबारी महिलाओं को पारिवारिक और व्यवसायिक तालमेल बनाकर रखना है।




**वृश्चिक**
वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आज किसी भी नकारात्मक स्थिति में घबराने के बजाय उसका समाधान ढूंढें तो जल्दी ही हल भी मिलेगा। वाहन अथवा किसी महंगे उपकरण के खराब होने से बड़ा खर्चा सामने आएगा। आज अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव लाने से नए अवसर मिलने वाले हैं। अपने भविष्य से संबंधित कोई खुशखबरी भी मिलने वाली है।




**धनु**
आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी और आप सामान की खरीददारी करने मार्किट जा सकते हैं। आज कारोबार में नई तकनीक का इस्तेमाल करने संबंधी कार्य प्रणाली पर विचार-विमर्श होगा। योजना को गति देने में आपकी मेहनत बनी रहेगी। लवमेट के साथ मुलाकात का अवसर मिलेगा।



**मकर**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित उचित जानकारी हासिल करेंगे, फिर उस पर काम करेंगे। इससे आपको बेहतर परिणाम हासिल होंगे। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। घर में बुजुर्गों का भी प्यार और आशीर्वाद शांतिपूर्ण माहौल बनाकर रखेगा। किसी रुके हुए काम को पूरा करने में सफलता मिल सकती है।



**कुंभ**
आपके लिए आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। सकारात्मक सोच जीवनयापन में आपकी मदद करेगी। आज घर तथा बाहर दोनों जगह किसी बड़े फैसले को लेने में आपका विशेष योगदान रहेगा। अगर कहीं पैसा फंसा हुआ है, तो उसकी वसूली के लिए प्रयास करें, सफलता मिल सकती है।



**मीन**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज पारिवारिक सदस्यों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर सहमति बन जाने से राहत की सांस लेंगे। छोटों की गलतियों को माफ करते चलेंगे और वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन पर अमल करेंगे। किसी भी योजना के पहले उचित रूपरेखा बनाएं, बाद में उस पर काम करें। आज किसी पॉलिसी में निवेश करने की योजना बन रही है, तो दिन शुभ है।

# उमरवाही वनांचल को विकास की दरकार, दस सालों से महाविद्यालय खोलने की कर रहे मांग

*(राजेश मेश्राम)*

जोंधरा (दावा)। खुज्जी विधानसभा की ये विडंबना ही कही जायेगी कि इस विधानसभा में विधायक ज्यादातर सत्ता के विपक्ष में ही बैठने वाला रहा है, विकास को लेकर चर्चा करने पर विधायकों के पास ये विकल्प हमेशा मौजूद रहा है कि सत्ता हमारी नही है, मैं कोशिश जरूर करूंगा, एक अवसर पूर्ण विधायक रजिन्दरपाल सिंह भाटिया और एक अवसर पूर्व विधायक छन्नी साहू को मिल पाया है, जब वो सत्ता पक्ष के विधायक रहे है, पूर्व में दो बार विधायक रह चुके एवं वर्तमान विधायक भोलाराम साहू जी को कभी सत्ता सुख नहीं मिल पाया है, वो जब भी जीते है सरकार भाजपा की रही है, पर लोकतंत्र से जनता के विकास के लिए पक्ष विपक्ष का लेबल नही लगना चाहिए, मुझे क्या विधायक कोई भी बने पर इस बात का उल्लेख इसलिए करना पड़ा है कि वैधानिक दृष्टि से खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अत्यंत ही पिछड़ा विधानसभा क्षेत्र है, विधानसभा के अधिकांश ग्रामों में पंहुच मार्ग की स्थिति दयनीय है, आज भी अधिकांश ग्रामों में पेयजल की समस्या बरकरार है, स्कूल तो है पर भवनों में दरार आने के चलते पेड़ों की छांव में कक्षायें संचालित की जा जाती है, ग्रामों में पंहुच मार्ग स्थिति को छोड़ भी दे तो मुख्य मार्ग की दशा तो और भी भयावह है, मतदाताओं का मानना है कि इन सबके लिये कोई जिम्मेदार है तो हमारे विधायक और सांसद ही हैं, जो आम मतदाताओं को चुनाव में विश्वास दिलाकर क्षेत्र की समस्याओं को ऊपर में उठाकर उसका निदान करायेंगे, पर समस्याओं को उठाने की बात तो दूर ये गिनाते तक नही है।

### उमरवाही में महाविद्यालय खोलने की मांग

वनांचल उमरवाही पंचायत में महाविद्यालय खोलने की मांग क्षेत्रीय ग्राम पंचायतों के सरपंचों द्वारा विगत दस वर्षों से की जा रही है, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल मे भी क्षेत्रिय सरपंचों ने महाविद्यालय हेतु लिखित में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, तब शासन ने सुधि लेते हुए राजनांदगांव स्थित दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य बी.एल. टाण्डेकर को ग्राम उमरवाही में स्थल निरीक्षण के लिए भेजा गया था, तब ग्रामीणों की आस बंधी थी कि अब निकट भविष्य में महाविद्यालय उमरवाही में प्रारम्भ कर दिया जायेगा, पर पूरे दस वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद भी महाविद्यालय खुलने का सपना उमरवाही के ग्रामीणों के लिए सपना ही रह गया।

### महाविद्यालय उमरवाही में आवश्यक क्यों...

ग्राम उमरवाही बीस बाईस ग्रामों का केन्द्र बिन्दु है आसपास ग्राम के विद्यार्थी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की पढ़ाई के लिए उमरवाही ही आते हैं, बारहवीं उत्तीर्ण होने के बाद महाविद्यालय की पढ़ाई के लिए इन्हें 25 किलोमीटर दूर डोंगरगांव जाना पड़ता है, वनांचल में स्थित होने के कारण मार्ग में आवाजाही हेतु मात्र दो बसे हैं, ऊपर से क्षेत्र के ग्रामीण पूरी तरह कृषक आमदानी कम होने के चलते अधिकांश ग्रामीण अपने बच्चों को उच्च शिक्षा नहीं दे पाते है जिससे उन बच्चों की पढ़ाई चौपट हो जाती है। उमरवाही हायर सेकेण्डरी की दर्ज संख्या 450 मिली जानकारी के अनुसार उमरवाही हायर सेकेण्डरी में शिक्षा सत्र 2024-25 में 450 विद्यार्थी अध्ययनरत थे वहीं समीपस्थ ग्राम गिदर्री स्थित हायर सेकेण्डरी में भी 400 से 450 विद्यार्थी अध्ययनरत रहे हैं। साथ ही उमरवाही से 5 किमी. दूर गोंड़लवाही हायर सेकेण्डरी में 400 विद्यार्थी अध्ययनरत रहे हैं, यदि उमरवाही में शासन द्वारा महाविद्यालय का संचालन किया जाता है तो इन विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए अन्यत्र भटकने की जरूरत नहीं होगी।

**क्षेत्रिय सरपंचों सहित ग्रामीणों ने रखी मांग** – सरपंच रामाधीन रावटे उमरवाही, तोरण चंद्रवंशी बरबसपुर, चंद्रकला चौरे गिदर्री, वंदिता ऊकै जोंधरा, गैंदलाल सिन्हा धोबनी, लक्ष्मीचंद जैन, निजामुद्दीन, मुकेश भुआर्य, ठाकुरराम, रघुराणा, बी.एस. कुल्हारे, भागीरथी राणा, आदि ने शासन से शीघ्र की महाविद्यालय हेतु पहल की मांग रखी है।

# जनपद अध्यक्ष के अनुशंसा से सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख स्वीकृत, भूमिपूजन हुआ संपन्न

## जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा हुए शामिल



छुरिया (दावा)। विकासखंड अंतर्गत ग्रामपंचायत दामाबंजारी के आश्रित ग्राम दुर्रेबंजारी में शीतला मंदिर प्रांगण में ज्योति कलश भवन निर्माण के लिए ग्रामीणों ने पंचायत निर्वाचन के दौरान सामुदायिक भवन निर्माण के 5.00 लाख रूपये की मांग जनपद प्रत्याशी रहे संजय सिन्हा से किया था, उक्त मांग को जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने अपने घोषणा के दो माह में ही ग्रामीणों की मांग को पूर्ण कर दिए जाने पर ग्रामीणों में श्री सिन्हा के प्रति काफी हर्ष व्याप्त है, साथ ही ग्रामीणों ने आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद भी ज्ञापित किया है। साथ ही दामाबंजारी में भी ग्रामीणों की मांग पर शीतला मंदिर के पास 3.00 लाख रुपए सामुदायिक भवन निर्माण हेतु घोषणा को भी पूर्ण करते हुए भूमिपूजन किया है, ग्रामीणों ने भूमिपूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री सिन्हा को आमंत्रित कर भूमिपूजन का कार्यक्रम को संपन्न कराया, इस अवसर पर मुख्य रूप से श्रीमती उत्तरा निषाद सभापति, भानबाई मंडावी, उभेराम मंडावी, प्रकाश मोटघरे, मनोज साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि भाजपा के हर नेता जो कहते है, वो करते भी है, विश्वास का नाम ही भाजपा है हम एक पार्टी के सिपाही मात्र है, करता तो पार्टी है गांवों के विकास में कोई कमी नही होगी बारी बारी करके सभी काम को पूरा करेंगे। इस अवसर पर श्रीमती बिसोबाई मंडावी सरपंच, सुखूराम साहू ग्राम पटेल, विजय सहारे उपसरपंच, नीलकंठ, सुखदेव, बारातु मंडावी, पवन साहू, बेनीराम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### आज राजा देवव्रत सिंह की जयंती पर होगा सुंदरकांड का पाठ

#### रूक्खड बाबा के मंदिर में होगा आयोजन



खैरागढ़ (दावा)। दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की जयंती पर आज मंगलवार 3 जून को राजफैमली स्थित रूक्खड स्वामी बाबा के मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन शाम 07 बजे से शुरू होगा। सुंदरकांड पाठकर्ता पंडित गणेश शंकर मिश्रा (ताल छापर वाले) के मुखारविंद से इस धर्ममय, राममय, संगीतमय का आयोजन होगा और प्रसादी वितरण किया जाएगा। इससे पहले सुबह 09 बजे सिविल लाइंस दुर्गा चौक स्थित दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की मूर्ति पर पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर शिव मंदिर स्थित समाधी स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा। उसके बाद दाऊचौरा स्थित दाऊ साहब बाबा और शीतला माता मंदिर पर पूजा अर्चना कर सिविल अस्पताल में फल वितरित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में आप सपरिवार सादर आमंत्रित है।

### वार्डवासियों ने नपं अध्यक्ष अजय पटेल, उपाध्यक्ष को किया सम्मानित




छुरिया (दावा)। नगर पंचायत छुरिया में वार्डवासियों द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल एवं उपाध्यक्ष भारत भूषण को नगर पंचायत वासियों द्वारा आवास योजना से लाभान्वित होने पर वार्डवासियों ने गिफ्ट भेंटकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को किया सम्मानित और उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं आभार में व्यक्त किया।

### प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थित में जिला स्तरीय बैठक संपन्न



खैरागढ़/छुईखदान (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ का जिला स्तरीय बैठक संस्कारधानी राजनांदगांव में संपन्न हुआ, जिसमें आगामी रणनीति एवं प्रदेश स्तरीय वृहद आंदोलन के संबंध में चर्चा किया गया।

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी अपने विभिन्न मांगों को लेकर 20 वर्षों से संघर्षरत है, जिसमें नियमितीकरण, ग्रेड पे, मेडिकल अवकाश, स्थानांतरण नीति के मांगों के लिए लगातार संघर्ष कर रहें हैं।

एनएचएम कर्मचारी संघ का जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुआ। पिछले माह उपरोक्त मांगों को लेकर कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य भवन घेराव किया गया था, जिसमें प्रशासन की तरफ से एक माह में उक्त मांगों को पूर्ण करने का संघ के पदाधिकारी के बीच बैठक उपरांत सहमति बना, लेकिन 1 माह बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई भी प्रकार से प्रशासन की तरफ निर्णय नहीं लिया जा रहा हैं, जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी अंदर ही अंदर प्रदेश स्तर से बड़ी आंदोलन की तैयारी किया जा रहा हैं। इसी संदर्भ में दिनांक 1 जून 2025 को संस्कारधानी के महाराष्ट्र मंडल भवन में प्रदेश पदाधिकारियों के उपस्थित में बैठक संपन्न हुआ। एक माह बीत जाने बाद भी नहीं मिला आश्वासन का जवाब राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों में धीरे-धीरे आक्रोश बढ़ रहा है।

प्रदेश संगठन से हेमंत सिन्हा, डॉ. रविशंकर शंकर दीक्षित, पूरन दास, दुर्ग जिलाध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. सत्या बारले, शेखर ताम्रकार, भीष्म साहू, गजेन्द्र गुप्ता, डॉ. तेज देशलहरे की उपस्थित में सर्वसम्मति से जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के एनएचएम कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष के रूप में मोहन साहू को बनाया गया। उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, सचिव हेमंत साहू, सहसचिव विवेक मेश्राम सहमति चुने गए। जिले से बृजेश ताम्रकार, राजू भुआर्य, दिलेश्वर साहू, श्रीमती राधा पदमाकर, उपेंद्र नाथ ठाकुर, सुनील सहारे, नवीन पाल, तोरण साहू, महेन्द्र कंडरा सहित अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

# जिले में युक्तियुक्तकरण के तहत 148 अतिशेष शिक्षकों की शांतिपूर्ण काउंसलिंग सम्पन्न



खैरागढ़ (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी युक्तियुक्तकरण नीति के अंतर्गत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में आज 148 अतिशेष शिक्षकों की पुनः पदस्थापना हेतु जिला स्तरीय काउंसलिंग का सफल आयोजन किया गया। यह काउंसलिंग स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम कन्या विद्यालय, खैरागढ़ में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशन में सम्पन्न हुई।

इस प्रक्रिया के माध्यम से जिले की 5 पूर्णतः शिक्षकविहीन शालाओं, 90 एकल शिक्षक शालाओं, 2 पूर्व माध्यमिक विद्यालयों एवं 2 हाईस्कूलों में रिक्त पदों की पूर्ति की गई। इसके साथ ही जिले में अब कोई भी विद्यालय शिक्षकविहीन अथवा एकल शिक्षक संचालित नहीं रहेगा, जिससे शिक्षण व्यवस्था को नया बल मिला है। काउंसलिंग में कुल 98 सहायक शिक्षक, 21 व्याख्याता, 8 विज्ञान संकाय शिक्षक, 2 प्रधान पाठक (प्राथमिक) तथा 19 अन्य शिक्षक सम्मिलित हुए। इस दौरान व्याख्याता वर्ग से एक शिक्षक अनुपस्थित रहे, वहीं शिक्षक वर्ग से एक अभ्यर्थी ने स्थान परिवर्तन के लिए असहमति जताई।

कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी खैरागढ़ रमेंद्र डडसेना तथा छुईखदान से नीलम राजपूत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।। सभी चयनित शिक्षकों को उनके विकल्पों के आधार पर तत्काल आदेश जारी करते हुए संबंधित विद्यालयों में पदस्थापित किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं संभागीय संयुक्त संचालक (लोक शिक्षण) दुर्ग आर.एल. ठाकुर भी उपस्थित रहे।।उन्होंने संपूर्ण प्रक्रिया की शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी सम्पन्नता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए। इसे जिले की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

### युक्तियुक्तकरण 2025 के तहत शिक्षकों की आज काउंसिलिंग की प्रक्रिया जारी

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने वर्तमान में माध्यमिक शाला भुलाटोला में मृदुला त्रिपाठी को युक्तियुक्तकरण के उपरांत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंदेनी विकासखंड खैरागढ़ में पदस्थापना हेतु प्रथम आदेश पत्र प्रदान किया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्वच्छता दीदियों को श्रीफल, शॉल भेंटकर किया सम्मानित



छुरिया (दावा)। नगर पंचायत छुरिया में श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष पटेल ने रानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वह एक आदर्श शासक थी। उनके शासनकाल में मालवा राज्य में शांति और समृद्धि का माहौल था। उन्होंने अपने राज्य में शिक्षा और संस्कृति को विशेष महत्व दिया। सभी ने रानी अहिल्याबाई के आदर्शों अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थिति लोगों ने रानी अहिल्याबाई के योगदान को याद किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल ने स्वच्छता दीदियों को श्रीफल एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया और उन्होंने कहा कि नगर में पहली बार समाज में महिलाओं को आगे लाने के लिए सेना का गठन किया गया।

उन्होंने सभी स्वच्छता दीदियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत सीएमओ अजयसिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष भूषण नेताम, पार्षद गौरी सिन्हा, ललिता कुम्भकार, सलूजा कोमरे, बिन्दू साहू, भावना ठाकुर सहित पार्षदगण एवं नगर पंचायत अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# शिवनाथ साहित्य धारा के बैनर तले हुआ सफल समीक्षा व काव्य गोष्ठी



डोंगरगांव (दावा)। शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव के बैनर तले डोंगरगांव में 31 मई को कवि अनिल कसेर उजाला की कविता जंगल और जंगल के प्रकार की समीक्षा एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. चंद्रशेखर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार राजनांदगांव व मुख्य अतिथि डॉ.अशोक आकाश वरिष्ठ साहित्यकार बालोद विशेष अतिथि के रूप में डॉ. इकबाल खान मोहला व शिवनाथ साहित्य धारा के संरक्षक अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन महेंद्र वैष्णव विकट ने की, जिसमें सबसे पहले शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव के अध्यक्ष महेंद्र बघेल ने सभी अतिथियों के सम्मान में स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। समीक्षा के क्रम में सर्वप्रथम अनिल केसर उजाला के द्वारा उनकी कविता जंगल और जंगल के प्रकार का वाचन किया गया। तत्पश्चात मनीष साहू, कन्हैया मेश्राम, डॉ. अशोक आकाश ने कहा काव्य लेखन का मूल उद्देश्य मानव मूल्यों की स्थान है, इसके केंद्र बिंदु में कवि मानवीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति देता है।

श्री कसेर मानवीय चेतना जागृति की दिशा में निरंतर कार्य करने वाले साहित्यकार है जो वर्तमान परिपेक्ष में साहित्य सृजन कर समाज में जागृति का संदेश दे रहे हैं, उनकी कविता जंगल और जंगल के प्रकार मानवीय संवेदना प्रकट करने वाली कविता है और अंत में डॉ. चंद्रशेखर शर्मा कहते हैं कवि इस कविता में कवि नहीं आलोचक हैं, आलोचना को कविता का कंबल ओढक़र आपके सामने आया है। ये कटाक्ष है, ये संवेदनाओं की कविता है, इस दौरान व्याकरण पर लिखी गई पुस्तक गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित डॉ.माधवी गणवीर व रोहणी पटेल को श्रीफल और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस समीक्षा और काव्य गोष्ठी के कार्यक्रम में साकेत साहित्य परिषद सुरगी, मधुर साहित्य परिषद डौंडी लोहारा व वनांचल साहित्य समिति मोहला के रचनाकार शामिल हुए. समीक्षा के पश्चात सरस काव्य गोष्ठी प्रारंभ हुई, जिसमें आए हुए साहित्यकारों के द्वारा कविता पाठ किया गया। जिसमें वीरेन्द्र तिवारी वीरू, राजकुमार चौधरी रौना, हर्षा देवांगन, डॉ. इकबाल खान, संतुराम गंजीर तुलमुल्हा, दीप्ति पटेल, ओमप्रकाश अंकुर, जितेंद्र पटेल, यशवंत मंडावी, रोहित कुमार तारम, वीरेन्द्र अजनबी, शैलेन्द्र यदु, लखनलाल कलामे, दिनेश राजपूत, देवनारायण नगंरिहा, देव जोशी गुलाब, डोहर दास साहू, देवेंद्र किशोर साहू, अजीत गुप्ता मौजूद रहे।

# तहसील स्तरीय राजस्व शिविर कल से प्रारंभ

डोंगरगांव (दावा)। जिला प्रशासन की ओर से तहसील स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें जिले के नागरिक शिविर में शामिल होकर राजस्व संबंधित प्रकरणों का निराकरण कर सकेंगे।

एसडीएम कार्यालय डोंगरगाँव से मिली जानकारी के अनुसार कल बुधवार 4 जून को तहसील कार्यालय राजनांदगांव, 5 जून को तहसील कार्यालय डोंगरगढ़, 6 जून शुक्रवार को तहसील कार्यालय डोंगरगाँव, 7 जून तहसील कार्यालय घुमका, 12 जून तहसील कार्यालय लालबहादुर नगर, 13 जून शुक्रवार को तहसील कार्यालय कुमर्दा तथा 14 जून शनिवार को तहसील कार्यालय छुरिया में आयोजित होगा। इस दौरान शिविर में आबंटित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, धारा 115 के तहत त्रुटि सुधार सीमांकन, डायवर्सन, आरबीसी 6/4 किसान किताब, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाये जाने संबंधित आवेदन प्रमुख रूप से प्राप्त कर अतिशीघ्र निराकरण किया जायेगा। शिविर में जिन आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया जाना संभव होगा उसे तत्काल शिविर स्थल में ही निराकृत किये जाने की बात कही गई है। शिविर में संबंधित न्यायालय के रीडर, भुईयाँ ऑपरेटर द्वारा त्वरित किये जा सकने वाले न्यायालयीन संबंधी कार्य तत्काल पूर्ण किये जाने की बात कही जा रही है।

# भीमनगर में बुद्ध-आंबेडकर के गीतों पर हुई शानदार कव्वाली

### तथागत गौतम बुद्ध व आंबेडकर की प्रतिमा की हुई स्थापना



डोंगरगढ़(दावा)। संविधान निर्माता भारतरत्न बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की 134वी जयंती एवं बुद्ध जयंती के उपलक्ष्य पर जागृति नवयुवक समिति भीमनगर के तत्वावधान में 1 जून दिन रविवार को भीम गीतों पर आधारित कव्वाली का शानदार आयोजन किया गया। कव्वाली के कार्यक्रम के पूर्व भीम नगर में तथागत गौतम बुद्ध एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना के अवसर पर भंते नागरत्न के द्वारा पूजा अर्चना वंदना कर लोकार्पण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर, नलिनी मेश्राम, पार्षद देवेंद्र साखरे, शिवांगी साखरे, मुकेश सहारे, किशोर अम्बादे उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता बघेल के द्वारा प्रतिमा स्थापना एवं जयंती के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि आज यहां पर तथागत गौतम बुद्ध एवं डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि प्रतिमा स्थापना का उद्देश्य स्थापना नहीं होना चाहिए हमको उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिए। हम ऐसे ही सब मिलजुल कर खुशियां मनाएं। हमारी जो एकता दिख रही है ऐसे ही एकता बनाए रखें। हम सब मिलजुल कर त्यौहार मनाते हैं आगे उन्होंने सभी से अपील की गई कि 3 जून दिन मंगलवार को को संविधान बचाओ रैली का आयोजन मां बम्लेश्वरी छिरपानी शेड में होगा जिसमें उपस्थित होने की अपील की गई है।

### कव्वाली की शानदार प्रस्तुति ने समां बांधा

सुप्रसिद्ध प्रबोधनकार फैज़ान ताज नागपुर के द्वारा बुद्ध आम्बेडकर मिशन पर गीत एवं कव्वाली की शानदार प्रस्तुति की गई। जिनकी कव्वाली सुनने भारी संख्या में बौद्ध अनुयायियों देर रात तक उनके कव्वाली सुनने कार्यक्रम में शामिल रहे एवं कव्वाली की शानदार प्रस्तुति से युवा लोग थिरकते नजर आए। इस अवसर पर जागृति नवयुवक समिति भीमनगर के अध्यक्ष डॉ. राजेश राउतकर, सचिव किशोर अम्बादे, डॉ. मिलन टेंभुरकर, शंकर जाम्भुलकर, दीपक साखरे, विजय जाम्भुलकर, लोकेश इंदुरकर, विनय अम्बादे, टार्जन कामडे, अक्षय जाम्भुलकर, संदीप सहारे, शांता मेश्राम, आकाश मेश्राम, निखिल अम्बादे, संदीप भवते कारण, नंदेश्वर लल्ला टेंभुरकर, रतनदीप नंदेश्वर, सुभाष भास्कर, पूनम मेश्राम, सावन टेंभुरकर, सुषमा कामडे, शकुंत जाम्भुलकर, सरिता कामडे, जीवनकला जाम्भुलकर, केवल अम्बादे, संतोष सहारे, गिरीश साहू, संजू साखरे, अमन जनबंधु सहित भारी संख्या में बौद्ध उपासक उपासिकाएं उपस्थित रहे। मंच संचालन राकेश भवते के द्वारा किया गया।

# जबलपुर आयोजन में डॉ. हरिहारनो हुए शामिल



डोंगरगाँव (दावा)। नगर के शिक्षाविद डॉ.गजेन्द्र हरिहारनो दीप 31 मई को मध्यप्रदेश की संस्कार व न्यायधानी जबलपुर के जानकी रमण महाविद्यालय के सभागार में विश्ववाणी हिन्दी संस्थान अभियान जबलपुर द्वारा विश्व कीर्तिमानधारी साझा काव्य संकलन चन्द्रविजय अभियान के लोकार्पण अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। ज्ञात हो कि विश्व कीर्तिमानधारी चन्द्र विजय अभियान साझा काव्य संकलन में भारत सहित पाँच देश के 213 रचनाकारों के द्वारा 52 भाषा-बोलियों में रचनायें सृजित की गई हैं, इस काव्य संग्रह में 12 वर्षीय गौरांश(नई दिल्ली) से लेकर 94 वर्षीय स्व.कृष्णकांत चतुर्वेदी(जबलपुर) की रचना को सम्मिलित किया गया है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रख्यात दंत शल्य चिकित्सक डॉ.रोहित कुमार मिश्रा जबलपुर रहे। समारोह की अध्यक्षता डॉ.राजीव चांडक प्राचार्य शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय जबलपुर के द्वारा की गई। यह आयोजन दो सत्रों में संपन्न हुआ, प्रथम सत्र में चन्द्र विजय अभियान काव्य संकलन के लोकार्पण के साथ इस संकलन में सहभागिता प्रदान करने वाले रचनाकारों के द्वारा काव्य पाठ व सम्मान संपन्न हुआ। द्वितीय सत्र में हिन्दी में विज्ञान परक लेखन दशा और दिशा तथा चिकित्सा व इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिन्दी भाषा में विषय पर एक सार्थक परिचर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन आचार्य संजीव वर्मा सलिल ने किया, आभार ज्ञापन श्रीभती डॉ. मुकुल तिवारी ने किया।

# पहला कॉलम...

## मशहूर निर्देशक विक्रम सुगुमरण का निधन



नई दिल्ली। मशहूर निर्देशक विक्रम सुगुमरण का रविवार को 47 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। इस खबर की पुष्टि उनके करीबी दोस्तों ने सोशल मीडिया के जरिए की। उनके निधन से तमिल फिल्म इंडस्ट्री में हर कोई गहरे सदमे में है और कई कलाकारों ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। विक्रम सुगुमरण को खास तौर पर उनकी फिल्म %माधा यानाई कूटम% के लिए जाना जाता था। यह फिल्म न सिर्फ दर्शकों के बीच लोकप्रिय हुई बल्कि आलोचकों से भी खूब तारीफ बटोरी। उनकी फिल्मों में एक अलग पहचान और गहराई होती थी, जिसने उन्हें तमिल फिल्म इंडस्ट्री के अहम निर्देशकों में से एक बना दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डायरेक्टर को बस में यात्रा करते समय कार्डियक अरेस्ट आया और वह इस दुनिया को अलविदा कह गए। वह एक निर्माता को नई स्क्रिप्ट सुनाकर मदुरै से लौट रहे थे, तभी अचानक बस में बैठे-बैठे उनके सीने में दर्द हुआ, जिसके बाद उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही सोशल मीडिया पर शोक और संवेदनाओं का दौर शुरू हो गया। कई कलाकारों और उनके दोस्तों ने पोस्ट के ज़रिए अपना दुख व्यक्त किया और विक्रम की प्रतिभा और उनकी यादों को संजोया। फ़िल्म जगत के लोग उन्हें एक समर्पित, मेहनती और सच्चे कलाकार के रूप में याद कर रहे हैं।

## बैंक अकाउंट में बैलेंस को लेकर नया नियम लागू

नई दिल्ली। केनरा बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए एक बहुत ही राहत भरा फैसला लिया है. रविवार को बैंक ने अपने सभी ग्राहकों को राहत देते हुए बचत खाते में न्यूनतम बैलेंस न रखने पर लगने वाले जुर्माने को पूरी तरह से खत्म करने का ऐलान किया है. बैंक का यह नया नियम 1 जून 2025 से लागू हो गया है. केनरा बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए अपने सभी बचत खातों पर यह नियम लागू कर दिया है. रेगुलर अकाउंट हो, सैलरी अकाउंट हो या एनआरआई अकाउंट हो, किसी को भी जीरो बैलेंस पर पेनाल्टी नहीं देनी होगी. इस फैसले के साथ ही केनरा बैंक हमारे देश का पहला बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक बन गया है जिसने अपने सभी ग्राहकों को बिना किसी न्यूनतम बैलेंस पेनाल्टी के जीरो बैलेंस सेविंग अकाउंट की सुविधा देना शुरू कर दिया है. बैंक ने खुद ग्राहकों के साथ यह जानकारी साझा की. बैंक ने एक्स पर लिखा गया कि आजादी का एहसास करें, अंतर का बैंक बनें. 1 जून 2025 से केनरा बैंक में न्यूनतम बैलेंस न रखने पर कोई पेनाल्टी नहीं लगेगी.अभी तक बैंक के खाताधारकों को शहरी शाखाओं में 2000 रुपये, अर्ध-शहरी शाखाओं में 1000 रुपये और ग्रामीण शाखाओं में 500 रुपये का औसत मासिक बैलेंस बनाए रखना अनिवार्य था. यह बैलेंस न बनाए रखने पर ग्राहकों को जुर्माना देना पड़ता था. लेकिन अब बैंक के जारी किए गए इस नए नियम के तहत ग्राहकों को किसी भी श्रेणी के बचत खाते में न्यूनतम बैलेंस न होने पर भी कोई जुर्माना नहीं देना पड़ेगा.

## शेयर बाजार में आई गिरावट

मुंबई। कारोबारी सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार रेड जोन में खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 539 अंकों की गिरावट के साथ 80,911.19 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.57 फीसदी की गिरावट के साथ 24,610.40 पर खुला.

आज के कारोबार के दौरान इंडियन एनर्जी एक्सचेंज, इंडिगो पेंट्स, मणप्पुरम फाइनेंस, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी, एलेम्बिक फार्मास्यूटिकल्स, इरकॉन इंटरनेशनल, गोदरेज प्रॉपर्टीज, टीटागढ़ रेल सिस्टम्स, एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया, जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर और एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स नाइका के शेयर फोकस में रहेंगे. कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 182 अंकों की गिरावट के साथ 81,451.01 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ 24,750.70 पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान लार्सन एंड टूब्रो, अडाणी पोर्ट्स, इटरनल, नेस्ले, सन फार्मा और मारुति के शेयरों में तेजी रही. वहीं, सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज पिछड़ गईं. व्यापक बाजारों ने शुरुआती बढ़त को खत्म कर दिया, लेकिन बढ़त दर्ज की गई.

## बांग्लादेश में पहली बार नए करेंसी

नई दिल्ली। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने नए करेंसी नोट जारी किए हैं। देश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की तस्वीर बांग्लादेश के नोट से हटा दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नए करेंसी नोट रविवार, 1 जून 2025 को तीन वर्गों यानी 1,000 टका, 50 टका और 20 टका के जारी किए गए हैं। हालांकि, शेख मुजीबुर रहमान की तस्वीर वाले पुराने नोट और सिक्के अभी प्रचलन में बने रहेंगे।

यह पहली बार है कि नए करेंसी नोटों पर मुजीबुर रहमान की तस्वीर नहीं है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बांग्लादेश के एक सीनियर अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि नई करेंसी सीरीज में अब किसी भी मानव आकृति का चित्र नहीं है। बांग्लादेश की नए करेंसी नोटों पर प्राकृतिक परिदृश्य और ऐतिहासिक स्थलों को दर्शाकर देश की सांस्कृतिक विरासत को उजागर किया गया है।

# एशिया कप हुआ स्थगित

नई दिल्ली। एसीसी महिला इमर्जिंग टीम एशिया कप के दूसरे संस्करण को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। इस टूर्नामेंट को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। एशिया क्रिकेट काउंसिल ने 02 जून को इसकी घोषणा की। यह टूर्नामेंट 6 जून से श्रीलंका में शुरू होना था। लेकिन अब इसे स्थगित कर दिया गया है।




टूर्नामेंट के शुरू होने से ठीक पहले ऐसा फैसला क्यों लिया गया इसको लेकर भी सफाई दी है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने उनके एरिया में प्रतिकूल मौसम और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए इस टूर्नामेंट को पुनर्निर्धारित करने का अनुरोध किया था। इसी वजह से अब ऐसा फैसला लिया गया है। एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने एक बयान में कहा कि यह टूर्नामेंट एशिया में महिला क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। युवा महिला क्रिकेटरों को आगे बढ़ने के लिए एक सुरक्षित, प्रतिस्पर्धी मंच सुनिश्चित करने के लिए हम हरसंभव प्रयास करने के लिए तैयार हैं। साथ ही में,ष्ट ने ये भी कहा है कि इस टूर्नामेंट के लिए नया शेड्यूल जल्द ही जारी किया जाएगा।

भारत ने जीता था पहले सीजन का खिताब

इस टूर्नामेंट का उद्घाटन संस्करण 2023 में हांगकांग में खेला गया था, जहां फाइनल में इंडिया ए ने बांग्लादेश ए को 31 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया था। इस टूर्नामेंट में इंडिया ए, बांग्लादेश ए, पाकिस्तान ए, श्रीलंका ए, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, मेजबान हांगकांग और मलेशिया ने भाग लिया था। उस संस्करण में इंडिया ए के तीन मैच बारिश के कारण धुल गए, जिसमें एक सेमीफाइनल मैच भी शामिल था।

पिछले दिनों ऐसी खबरें आईं थीं कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद इमर्जिंग एशिया कप से टीम इंडिया को हटा सकता है। बोर्ड ने कहा था कि इंडिया> टीम टूर्नामेंट में खेलेगी। इस साल मेंस एशिया कप भी होना है। हालांकि इसको लेकर भी अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

# डी गुकेश ने मैग्नस कार्लसन को हराया

नई दिल्ली। मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट 2025 के छठे राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हराकर जबरदस्त जीत दर्ज की। अपने शतरंज करियर में गुकेश पहली बार क्लासिकल टाइम कंट्रोल में कार्लसन को हराने में सफल रहे हैं। इस रिजल्ट के बाद टूर्नामेंट में गुकेश और कार्लसन का हेड टू हेड के स्कोर 1-1 से बराबर हो गया है। इसी के साथ गुकेश ने अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी हासिल कर ली है।




स्टावेंजर में घरेलू दर्शकों के सामने खेल रहे कार्लसन ने खेल के अधिकांश समय में बढ़त बनाए रखी और बेहतर स्थिति से दबाव बनाए रखा। हालांकि, गुकेश ने भी दबाव वाली स्थिति में शानदार खेल दिखाया और दृढता, अनुशासन और धैर्य के साथ खुद का बचाव करते रहे और अंतिम चरणों में कार्लसन से हुई गलतियों का फायदा उठाया। कार्लसन ने जैसी ही वह गलती की, वैसे ही गुकेश ने उसका फायदा उठाते हुए सटीक जवाबी चाल चलते हुए कार्लसन को हार ऐसी हार थमाई जिसे वो हमेशा याद रखेंगे।

### गुस्से में टेबल पर मारा मुक्का

जाहिर तौर पर कार्लसन इस हार से काफी हताश नजर आए। हार के बाद उन्होंने टेबल पर मुक्का मारा, जिससे मोहरें गिर गईं। इसके बाद वह तेजी से वहां से निकल गए। राउंड 6 से पहले, कार्लसन 9.5 अंकों के साथ टॉप पर मौजूद थे, उसके बाद फैबियानो कारुआना 8 और हिकारू नाकामुरा 6.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर थे।

# पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में कंजर्वेटिव करोल नवरोकी की जीत

वारसॉ (पोलैंड)। पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में कंजर्वेटिव नेता करोल नवरोकी ने कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर ली है। मतगणना के अंतिम आंकड़ों के मुताबिक नवरोकी को इस बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हासिल हुए। जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी वारसॉ के मेयर रफाल ट्रजास्कोव्स्की को 49.11 प्रतिशत वोट मिले।



रूस-यूक्रेन युद्ध मौजूदा वक्त में यूक्रेनी सेना द्वारा रूस के 5 एयरबेस पर बड़े ड्रोन हमले से 3 साल के अपने सबसे घातक दौर में पहुंच चुका है। रूस यूक्रेन पर भारी पलटवार कर सकता है। ऐसे में पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में कंज़र्वेटिव उम्मीदवार करोल नवरोकी की संभावित जीत रूस-यूक्रेन युद्ध पर महत्वपूर्ण असर डाल सकती है। बता दें कि नवरोकी दक्षिणपंथी पार्टी %लॉ एंड जस्टिस%के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने ने अपने चुनावी अभियान में यूक्रेन के प्रति पोलैंड की नीति को लेकर कई निर्णायक संकेत दिए हैं।

नवरोकी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जब तक पोलैंड के लिए ऐतिहासिक रूप से संवेदनशील मुद्दे जैसे वोल्हिनिया नरसंहार हल नहीं होते, तब तक वे यूक्रेन को नाटो या यूरोपीय संघ में शामिल करने के पक्ष में नहीं हैं। उनका यह भी कहना है कि अब तक पोलैंड ने यूक्रेन को पर्याप्त सहायता दी है, लेकिन आगे के रिश्ते %प्रतिस्पर्धा% और %राष्ट्रीय हितों% पर आधारित होंगे न कि केवल सहयोग पर। नवरोकी यूक्रेन में पोलिश सैनिकों की तैनाती के भी खिलाफ हैं। इससे जाहिर है कि यूक्रेन को पोलैंड का सैन्य समर्थन और सहयोग नवरोकी के राष्ट्रपति बनने के बाद कम हो सकता है। यह यूक्रेन के लिए बड़ा झटका होगा।

नवरोकी के रुख से सिर्फ यूक्रेन ही नहीं बल्कि उसके सहयोगी भी चिंतित हैं। यूक्रेन खुद भी पोलैंड का समर्थन कम होने की आशंका से घबराया हुआ है। ऐसे वक्त में यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमिर ज़ेलेंस्की ने नवरोकी के रुख पर चिंता जताते हुए कहा कि यदि यूक्रेन नाटो का हिस्सा नहीं बनता, तो रूस पोलैंड की सीमाओं तक पहुंच सकता है। हालांकि यूक्रेन को आंशिक राहत की बात यह है कि नवरोकी का रुख रूस के प्रति भी नरम नहीं है। (एपी)

# एशियाई चैंपियनशिप में भारत के शानदार प्रदर्शन से पीएम मोदी ने भारतीय दल और एथलीट्स की तारीफ



नई दिल्ली। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के शानदार प्रदर्शन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर भारतीय दल और एथलीट्स की तारीफ की है। भारत इस टूर्नामेंट में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा। भारत ने इस टूर्नामेंट में जापान, चीनी ताइपे, सऊदी अरब, ईरान, कतर और मेजबान दक्षिण कोरिया जैसे देशों को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। भारत ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य समेत 24 पदक हासिल किए। पहले स्थान पर रहे चीन ने 19 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य समेत 32 पदक जीते।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा, 'दक्षिण कोरिया में हाल ही में आयोजित 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने दल के शानदार प्रदर्शन पर भारत को गर्व है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान प्रत्येक एथलीट की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। एथलीटों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।' भारत का प्रदर्शन एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार रहा। ज्योति याराजी, गुलवीर सिंह, अविनाश साबले, सचिन यादव, तेजस्विन शंकर, पूजा, रूपल चौधरी और 4 गुणा 400 रिले टीम ने जलवा बिखेरा था। इन सभी के पदक आए और भारत पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा।

# ऑस्ट्रेलिया क्रिकेटर ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे से लिया संन्यास

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने आज यानी 2 जून 2025 को वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 35 साल के मैक्सवेल ने अपने 13 साल के वनडे करियर को अलविदा कह दिया। उनके इस अचानक रिटायरमेंट के फैसले से हर कोई हैरान है। उन्होंने अपने संन्यास की वजह भी बताई है।




दरअसल, ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे में 25 अगस्त 2012 को डेब्यू किया था। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ शारजाह में पहला वनडे मैच खेला था, जिसमें उनके बल्ले से महज 2 रन निकले थे। वहीं, उन्होंने अपने वनडे क्रिकेट का आखिरी मैच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में खेला था। उस मैच में मैक्सवेल 7 रन बनाकर अक्षर पटेल का शिकार बने थे। अब ग्लेन मैक्सवेल ने अपने 13 साल के वनडे करियर को अलविदा कह दिया है। उन्होंने अपने वनडे से संन्यास का एलान करते हुए कहा कि वह अब टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट पर ज्यादा फोकस करना चाहते हैं। खासकर 2026 में होने वाले अगले टी20 विश्व कप को देखते हुए। बता दें कि मैक्सवेल ऑस्ट्रेलिया की 2015 और 2023 वनडे विश्व कप विजेता टीमों का अहम हिस्सा थे। उनकी 2023 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ 201* रनों की ऐतिहासिक पारी को कभी भूला नहीं जाएगा।

# हार्दिक और अय्यर पर चला बीसीसीआई का हंटर

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 के क्वालीफायर-2 में पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 5 विकेट से धूल चटाई और आईपीएल 2025 फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में पहुंचने के बावजूद पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर बीसीसीआई ने जुर्माना ठोका।



अय्यर ही नहीं, बल्कि रूढ्ढ के कप्तान हार्दिक पांड्या पर भी ने फाइन लगाया। यह जुर्माना अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए क्वालीफायर-2 मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण लगाया गया है।

आईपीएल 2025 क्वालीफायर-2 मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया, जहां बारिश के चलते दो मैच दो घंटे की देरी से शुरू हुआ। इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए मुंबई इंडियंस ने 203 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने 87 रन की नाबाद पारी खेली और एक ओवर शेष रहते ही लक्ष्य को हासिल कर दिया। अय्यर ने मैच में 41गेंदों में 87 रन की पारी खेली, जिसमें 8 छक्के शामिल रहे। उनके इस प्रदर्शन ने मुंबई के 200 प्लस रन के लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। ऐसा पहली बार हुआ जब किसी टीम ने मुंबई के खिलाफ ये लक्ष्य आसानी से हासिल किया।

# एलआईसी बनी सबसे ज्यादा प्रॉफिट कमाने वाली सरकारी कंपनी

नई दिल्ली। पब्लिक सेक्टर की भारतीय जीवन बीमा निगम पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (क्क्रस्) में सबसे ज्यादा प्रॉफिट कमाने वाली कंपनी बन गई है। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में एलआईसी का नेट प्रॉफिट 38 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ रिकॉर्ड 19,013 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 13,763 करोड़ रुपये रहा था। इंश्योरेंस सेक्टर की इस दिग्गज कंपनी के बाद देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का स्थान है, जिसने चौथी तिमाही में 18,643 करोड़ रुपये का प्रॉफिट कमाया।




हालांकि, सालाना लाभ के मामले में एसबीआई पहले स्थान पर रहा।

वित्त वर्ष 2024-25 में एसबीआई ने कुल 70,901 करोड़ रुपये का प्रॉफिट कमाया, जबकि एलआईसी ने 48,151 करोड़ रुपये का प्रॉफिट कमाया। शेयर बाजार पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में कोल इंडिया ने मार्च तिमाही में 9,604 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया, जिसके बाद पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) ने 8,358 करोड़ रुपये और एनटीपीसी ने 7,897 करोड़ रुपये कमाए। ऑयल सेक्टर में, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने चौथी तिमाही में 7,265 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**0 भारत-पैराग्वे संबंधों को मजबूती : पीएम....**

आयोग की स्थापना को लेकर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया।

प्रधानमंत्री ने बैठक के बाद अपने प्रेस वक्तव्य में पराग्वे को लैटिन अमेरिकी महाद्वीप में भारत के महत्वपूर्ण साझीदारों में से एक बताते हुए आतंकवाद सहित सभी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में एक दूसरे से सीखने की जरूरत रेखांकित की।

श्री मोदी ने कहा, आपकी भारत यात्रा ऐतिहासिक है। पराग्वे के राष्टपति की यह दूसरी भारत यात्रा है। आप न केवल दिल्ली बल्कि मुंबई भी जा रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से आपसी संबंधों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मेरा मानना है कि आपसी सहयोग के माध्यम से हम साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगे। हमारे पास डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं।

उन्होंने कहा , पराग्वे दक्षिण अमेरिका में हमारे महत्वपूर्ण साझीदारों में से है। हमारा भूगोल भले ही अलग हो, लेकिन हमारे लोकतांत्रिक आदर्श और जनकल्याण की एक ही सोच है।

श्री मोदी ने कहा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और पराग्वे कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। साइबर अपराध, संगठित अपराध और नशीली दवाओं की तस्करी जैसी आम चुनौतियों से लड़ने के लिए सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। भारत और पराग्वे ग्लोबल साउथ का एक अभिन्न अंग हैं। हमारी आशाएँ, आकांक्षाएँ और चुनौतियां समान हैं, इसलिए हम एक-दूसरे के अनुभवों से सीखकर इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकते हैं। हमें संतोष है कि कोविड महामारी के समय हम भारत में बनी वैक्सीन, पैराग्वे के लोगों के साथ साझा कर सके। ऐसी और भी क्षमताएं हम एक दूसरे के साथ साझा कर सकते हैं।

श्री मोदी ने कहा, मुझे विश्वास है कि आपकी यात्रा आपसी विश्वास, व्यापार और घनिष्ठ सहयोग के स्तंभों को नई ताकत प्रदान करेगी। यह भारत-लैटिन अमेरिका संबंधों में नए आयाम भी जोड़ेगा। पिछले साल, मैंने गुयाना में कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में भाग लिया, जहाँ हमने कई विषयों पर बढ़ते सहयोग पर चर्चा की। हम इन सभी क्षेत्रों में पराग्वे और सभी लैटिन अमेरिकी देशों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं।

विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) पी कुमारन ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में कहा, दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स, रक्षा और सुरक्षा, बुनियादी ढांचे, खनन सहित द्विपक्षीय संबंधों के पूरे आयाम पर व्यापक चर्चा की। मेहमान राष्टपति पेना पलासियोस की राष्टपति भवन में शाम को राष्टपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात होगी जहाँ उनके लिए एक भोज आयोजित किया जाएगा।

श्री कुमारन ने कहा, भारत और पराग्वे ने संयुक्त राष्ट सहित कई बहुपक्षीय मंचों पर एक साथ काम किया है और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर घनिष्ठ संपर्क बनाए रखा है। भारत ने संयुक्त राष्ट सुरक्षा परिषद में अस्थायी सीट के लिए भारत के उम्मीदवार के लिए पराग्वे से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि पराग्वे के राष्टपति सैंटियागो पेना पलासियोस ने श्री मोदी को पराग्वे आने के लिए आमंत्रित किया।

**0 अमेरिका के स्टील टैरिफ से भारत में इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट....**

अमेरिका में लौह और स्टील का 58.75 करोड़ डॉलर का निर्यात किया था जबकि इनसे निर्मित उत्पादों का निर्यात 3.1 अरब डॉलर का था। वैसे ही एल्युमिनियम व एल्युमिनियम से निर्मित आइटम का निर्यात 86 करोड़ डॉलर का था।

**0 महतारी वंदन योजना....**

ताकि राशि के भुगतान में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। ज्ञात हो कि आधार कार्ड को हर 10 वर्षों में अपडेट करना अनिवार्य है। कई हितग्राहियों का भुगतान आधार इनएक्टिव होने के कारण निरस्त किया गया है। ऐसे हितग्राहियों को आधार केंद्र में जाकर पहचान एवं निवास प्रमाण-पत्र के साथ आधार अपडेट कराना आवश्यक है, ताकि आगामी किश्त का भुगतान सुनिश्चित हो सके।

# बेंगलुरु और पंजाब अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने उतरेंगी

अहमदाबाद । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) मंगलवार को अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में नरेंद्र मोदी स्टेडियम की दूधिया रोशनी में इतिहास रचने की उतरेगी।




आरसीबी नौ साल बाद फाइनल में वापस आई है अभी भी अपने पहले खिताब की तलाश है। जबकि पंजाब किंग्स 2014 में अपने पहले प्रदर्शन के 11 साल बाद दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है।

रजत पाटीदार की आरसीबी इस सीजन में पंजाब को दो बार हरा चुकी है, जिसमें क्वालीफायर वन में आठ विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। इस मैच में जोश हेजलवुड (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों ने पंजाब किंग्स को 101 रनों पर ढेर कर दिया। उसके बाद मात्र 10 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर एकतरफा अंदाज में मुकाबला जीत लिया था।

आरसीबी की धड़कन विराट कोहली इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। 15 पारियों में 146.53 के स्ट्राइक रेट से 614 रन बनाने वाले कोहली को एक बार फिर आरसीबी की बल्लेबाजी की कमान संभालने के लिए चुना गया है। पिछले मैच में 27 गेंदों पर 56 रन बनाने वाले फिलिप साल्ट ने धमाकेदार शुरुआत दी है। जबकि पाटीदार खुद मध्यक्रम में स्थिर उपस्थिति बनाए हुए हैं। इसी के साथ मयंक अग्रवाल, क्रुणाल पांड्या और जितेश शर्मा ने बहुमूल्य योगदान रहा है। रोमारियो शेफर्ड और टिम डेविड ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। जोश हेजलवुड की वापसी ने आरसीबी गेंदबाजी इकाई को मजबूत किया है, जिसमें अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और स्पिन जोड़ी सुयश शर्मा और यश दयाल का अच्छा सहयोग रहा है।

पंजाब किंग्स ने क्वालीफायर वन में मिली बड़ी हार से उबरते हुए दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर अपना आक्रामक प्रदर्शन दिखाया है। इस मैच में कप्तान श्रेयस अय्यर ने 41 गेंदों पर नाबाद 87 रन बनाकर आगे बढ़कर नेतृत्व किया। पंजाब का शीर्ष क्रम पूरे सीजन में शानदार फॉर्म में रहा है। प्रभसिमरन सिंह (523 रन) और प्रियांश आर्य (451 रन) ने लगातार तेज शुरुआत दी है। जॉश इंगलिस ने तीसरे नंबर पर आकर रनों की गति दी है, जबकि अय्यर मध्यक्रम में 175 के शानदार स्ट्राइक रेट से 597 रन बनाकर अहम भूमिका निभा रहे हैं। नेहल वढेरा, मार्कस स्टोइनिस और शशांक सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह पंजाब के शानदार बल्लेबाजी स्वरूप को दिखाती है। वहीं गेंदबाजी की बात की जाये तो मार्को जेनसन के बाहर होने के बाद, काइल जैमीसन ने अर्शदीप सिंह (18 विकेट) के साथ मिलकर तेज गेंदबाजी विभाग में कदम रखा है। युजवेंद्र चहल की वापसी ने उनके स्पिन आक्रमण को मजबूत हुआ है।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच इस सीजन में बड़े स्कोर वाली रही। यहां पहली पारी का औसत 177 रहा है और पिछले तीन मैचों में 200 रन का आंकड़ा पार हुआ है। आईपीएल 2025 के दौरान इस मैदान पर खेले गए आठ मैचों में से छह पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने जीते हैं। यहां टॉस की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। पिच की बात की जाये तो इससे शुरुआत में बल्लेबाजों के लिए मददगार होने की उम्मीद है, जबकि शाम को धीमे गेंदबाजों को मदद मिल सकती है। दोनों पक्षों के पास खिताब के सूखे को खत्म करने का मौका है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान भारतीय कृषि विज्ञान एवं किसानों की विकास गाथा में मील का पत्थर साबित होगी - किरण वैष्णव

छुरिया (दावा)। वांनाचल ग्राम जोब में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई। छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।



जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केन्द्रीय कृषि मंत्री आदरणीय शिवराज सिंह चौहान जी के नेतृत्व में भारत सरकार ने कृषि को वैज्ञानिक और व्यवहारिक दृष्टिकोण से जोड़ते हुए ''विकसित कृषि संकल्प अभियान'' की शुरुआत की है। भारत सरकार का कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का आयोजन 29 मई से 12 जून तक किया जा रहा है। इस महाअभियान का उद्देश्य खरीफ मौसम में फसल उत्पादन को बढ़ाना, किसानों को वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ना, और स्थानीय कृषि समस्याओं के समाधान प्रदान करना है।भाजपा सरकार कृषि के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर किसानों की आय दुगुनी करने कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश में विष्णु देव साय व कृषि मंत्री रामविचार नेताम के नेतृत्व में किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में आज किसान आत्मनिर्भर व सशक्त हो रहे हैं। जिससे आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में धान के साथ साथ अनेक फसलों की भी खेती किसानों द्वारा की जा रही है। निश्चित रूप से यह विकसित कृषि संकल्प अभियान भारतीय कृषि विज्ञान एवं किसानों की विकास गाथा में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य बिरम मंडावी, जनपद सदस्य राधिका चंद्रवंशी,संरपच गणेशिया बाई, उपसंरपंच श्यामलाल धुर्वे, ग्राम पटेल अर्जुन मंडावी, समेत कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, उधानकी विभाग के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पार्किंग स्थल पर शेड लगाकर कब्जा

राजनांदगांव (दावा)। म्युनिसिपल स्कूल (आत्मानंद) में सार्वजनिक पार्किंग की व्यवस्था पूर्व में की गई है। पिछले दो से तीन वर्षो से एक कपड़ा व्यापारी द्वारा अपने स्टॉप के सभी वाहनों की पार्किंग यहाँ की जा रही है। विश्वस्थ सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उक्त पार्किंग स्थल पर शेड लगाने पर कब्जा करने के उद्देश्य से निर्माण कार्य करने जा रहे जो लोकहित में नहीं है।

उक्त निर्माण का सार्वजनिक रूप से विरोध प्रकट किया जा रहा है। वर्तमान पार्षद शरद सिन्हा को भी विषय में ध्यान देकर रोक लगानी चाहिए क्योंकि यह निर्माण नगर निगम के बगैर अनुमति के किया जा रहा है। उक्त पार्किंग संपूर्ण शहर के लिए निर्माण किया गया है न कि एक व्यापारी के लिए। इस पर शीघ्र रोक लगाई जाये नहीं तो मोहल्लेवासी द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा।

यह जानकारी दी जाती है उक्त संबंध में जिलाधीश (कलेक्टर), राजनांदगांव निगम आयुक्त एवं महापौर से भी पत्र व्यवहार कर संपर्क किया जायेगा।

# स्वच्छ भारत मिशन की जिला स्तरीय बैठक संपन्न, कलेक्टर ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

मोहला (दावा)। जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति की अध्यक्षता में कार्यालय कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मोहला जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में आयोजित की गई। कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की कार्य योजना तैयार करने एवं जिन सामुदायिक शौचालय में पानी की व्यवस्था नहीं है।



ग्राम पंचायतों को मिलेगा नया स्वरूप, स्वच्छता मिशन को मिलेगी गति
मॉडल ग्राम पंचायत और प्लास्टिक मुक्त ब्लॉक की दिशा में कदम

उन सामुदायिक शौचालयों तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन शेड में भी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पानी उपलब्ध कराने निर्देश दिए। सामुदायिक शौचालयों, ग्रे-वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, सामुदायिक सोकपीट का नवीन कार्ययोजना बनाते समय ग्राम की आबादी, उसकी उपयोगिता, जल का स्पेसिफीक स्त्रोतो आदि का भलीभांति परिक्षण कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया एवं जिले के सभी ब्लॉकों में चयनित एक-एक ग्राम पंचायत को मॉडल ग्राम पंचायत बनाने तथा सांसद आदर्श ग्राम योजना में चिंहाकित ग्राम दनगढ़ मोहला की कार्य योजना बनाने, उन ग्रामों में निर्मित अधोसंरचनाओं को क्रियाशील करने का निर्देश दिया गया।

स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, प्रति शनिवार स्वच्छता तिहार चलाये जाने हेतु, विश्व पर्यावरण दिवस 22 मई से 5 जून तक विशेष कैम्पेन चलाने एवं गतिविधियों को एमआईएस मे एंट्री करने हेतु निर्देश दिया गया। विकासखंड को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट को क्रियाशील करने, क्रय-विक्रय पंजी संधारण करने, एसएलडब्ल्यूएम के कचरे को प्लास्टिक वेस्ट यूनिट तक लिंकेज के लिए ई-रिक्शा लोडर का प्रस्ताव उपलब्ध कराने निर्देश दिया गया।

स्वच्छता ग्राहियों की आय का स्रोत बढ़ाने की दिशा मे कार्य करने हेतु एवं सभी स्वच्छ भारत अंतर्गत सभी गतिविधियों को क्रियाशील करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिला स्वच्छ भारत मिशन प्रबंधन समिति सदस्य सचिव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर, सभी सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, प्रभारी जिला समन्वयक, विकासखंड स्वच्छता अधिकारी खंड समन्वयक उपस्थित रहें।

# विद्युत उपकेंद्र चिखलाकसा में 3.15 एमव्हीए का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत

## उपकेंद्र के अंतर्गत लगभग 3000 उपभोक्ता होंगे लाभान्वित

बालोद (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज के साथ निर्बाध विद्युत सप्लाई देने के लिए अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र द्वारा बालोद जिले में स्थित दल्ली राजहरा टाउन वितरण केंद्र के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र (सबस्टेशन) चिखलाकसा में 75 लाख रुपए की लागत से 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाकर उर्जीकृत किया गया, जिससे उपकेंद्र की क्षमता बढ़कर 13.15 एम.व्ही.ए. हो गई है। उक्त कार्य के होने से उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले लगभग 3000 उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत की आपूर्ति होगी। उल्लेखनीय है कि उपकेंद्र में दो 05-05 एम.व्ही.ए. का पॉवर ट्रांसफार्मर पूर्व से ही स्थापित है। 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से उपकेंद्र की क्षमता बढ़कर 13.15 एम.व्ही.ए. हो गई है, जिससे ओवरलोड की समस्या के निराकरण के साथ ही उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सकेगी।



संचारण-संधारण संभाग बालोद के कार्यपालन अभियंता एस.के.बंड ने बताया कि उपकेंद्र में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से दल्ली राजहरा के लगभग 3000 उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज एवं ओवर लोडिंग की समस्या से राहत मिलेगी एवं सभी घरों तक उच्च गुणवत्ता की बिजली पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि विद्युत उपकेंद्र की क्षमता बढ़ने से चिखलाकसा, मथुरा नगर, निर्मला स्कूल क्षेत्र, ओड़िया पारा, मच्छी मार्केट, ट्यूबलर सेट, पटेल कॉलोनी, श्रमवीर चौक, बस स्टैंड, सुभाश चौक, एमबीपी सेंटर एरिया के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने अधीक्षण अभियंता सलिल कुमार खरे, कार्यपालन अभियंता परियोजना डी.के.भारती एवं कार्यपालन अभियंता एसटीएम पी.के.पलसोकर और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए बताया कि पॉवर कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपभोक्ताओं तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि सबस्टेशन की क्षमता बढ़ने से उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

# निगम ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी भावपूर्वक बिदाई

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के सभागृह में आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में राजस्व विभाग में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत देवकुमार निर्वाणी, व शिवराम यादव, जल विभाग में लाईनमेन के पद पर कार्यरत भागीरथी साहू, स्वास्थ्य विभाग में सफाई कामगार के पद पर कार्यरत श्रीमती बुधियारिन बाई व श्रीमती राधाबाई बासफोड तथा लोककर्म विभाग में मजूदर के पद पर कार्यरत श्रीमती पुसई बाई व श्रीमती कन्नाबाई बंजारे को सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्वक बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया।



बिदाई समारोह में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आज हमारे निगम परिवार के 5 सदस्य अपना सेवाकाल पूर्ण कर शासन नियमो के तहत सेवानिवृत्त हो रहे है। हमारे जीवन का बहुमूल्य समय हम सेवा मे देते है, जिसके कारण पारिवारिक कार्य और दायित्वो से भी दूर होना पडता है, आप लोगो ने कुशलता व ईमानदारी से अपने कार्यो को निभाया है। उन्होंने कहा कि आज के समय में सबको संतुष्ट करना कठिन है, फिर भी जनता से सीधे जुडे विभाग मे आपने बेदाग काम किया, जो अनुकरणीय है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिवार के सदस्यो का भी बड़ी संख्या में उपस्थिति पर आभार व्यक्त किया।

कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके ने कहा कि अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर 5 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे है। लंबे समय तक लोककर्म, स्वास्थ्य एवं राजस्व जैसे निगम के महत्वपूर्ण विभाग में काम कर इन्होंने अपने कार्यो का कुशलता से निर्वाहन किया, यह हम सबके लिए अनुकरणीय है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारी सहित उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। बिदाई समारोह का संचालन प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव ने किया। इस अवसर पर सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, सहायक लेखाधिकारी राकेश नंदे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# तिलईरवार में 'भारतीय भाषा' पर सात दिवसीय समर कैंप संपन्न

तिलईरवार (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में दिनांक 26 मई 2025 से 1 जून 2025 तक भारतीय भाषा पर विशेष समर कैंप का आयोजन किया गया। इस सात दिवसीय समर कैंप के प्रभारी शिक्षक थंगेश्वर कुमार साहू रहे।




इस सात दिवसीय समर कैंप में छात्र-छात्राओं को प्रथम दिवस एवं द्वितीय दिवस में बुनियादी अभिवादन के बारे में, अक्षर संख्या ज्ञान, देशभक्ति नारा, वर्चुअल गांव भ्रमण, वास्तविक जीवन वार्तालाप जैसे संवाद, रास्ता पूछना आदि के बारे में जानकारी दिया गया। तृतीय दिवस देश भक्ति संगीत, चित्रकला का ज्ञान। चतुर्थ दिवस स्थानीय व्यंजन मसाले, फलों, सब्जियों के बारे में जानकारी दिया गया। पांचवा दिवस संस्कृति की सराहना के बारे में, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बारे में, स्थानीय प्रतिष्ठित नायकों के बारे में जानकारी दिया गया।

छठवां दिवस नदियों, पहाड़ों, ऐतिहासिक स्मारकों के बारे में जानकारी दिया गया। और अंतिम सातवा दिवस प्रेरणात्मक उद्बोधन कर सभी उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को सम्मान कर प्रमाण पत्र वितरण किया गया। और 1 जून 2025 को इस सात दिवसीय समर कैंप का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य ए.के.यदु सर, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी, ग्राम प्रमुख सुदर्शन साहू एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में यह समर कैंप संपन्न हुआ। इस सात दिवसीय भारतीय भाषा पर समर कैंप का संचालन व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू जी के द्वारा किया गया। जिन्होंने प्रतिदिन अलग-अलग विधाओं पर गतिविधियों का सफल संचालन किया।

# बारिश के पहले शहर के सार्वजनिक कुंओं की सफाई जारी, प्रथम चरण में 15 कुंआ होगा साफ

## महापौर ने सफाई का निरीक्षण कर सभी कुंओं से सील्ट निकालने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। ग्रीष्म ऋतु के प्रारंभ से ही भू-जल स्तर कम होने के कारण जल संकट की स्थिति निर्मित हो रही थी, जिसे ध्यान में रखकर मोहारा शिवनाथ नदी एनीकट से सील्ट निकालने की कार्यवाही की गयी और इसी कडी में नगर निगम द्वारा शहर के सार्वजनिक कुँओ की सफाई करने का बीडा उठाया तथा महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने प्रक्रिया कर प्रथम चरण में 15 कुँओ की सफाई करने विधिवत कार्यादेश जारी किया। जिसके परिणाम स्वरूप निगम सीमाक्षेत्र के कुओ की सफाई प्रारंभ हो गई। कुँआ सफाई का जायजा लेकर महापौर श्री यादव ने सभी कुँओ से सील्ट निकाल कर अच्छे तरीके से सफाई करने के निर्देश दिए।




शहर के तालाबों व कुंओं का संरक्षण, संवर्धन करने एवं साफ रखने नागरिकों से की अपील

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष गर्मी के प्रारंभ से ही भू-जल स्तर तेजी से गिरा है, जिसके परिणाम स्वरूप शिवनाथ नदी के जल स्तर में भी कमी आई और शहर में सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए महापौर श्री यादव के नेतृत्व एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में शिवनाथ नदी एनीकट का जल स्तर बढ़ाने सील्ट निकाला गया और मटियामोती व मोगरा जलाशय से पानी लेकर दो दिन में तीन समय पेयजल आपूर्ति की जा रही है। शहर के कुंआ की लंबे समय से सफाई नही होने के कारण उसका उपयोग नही हो रहा था जिसे संज्ञान में लेकर महापौर श्री यादव ने कुँआ सफाई के लिए प्रक्रिया करने कहा और उनके निर्देश पर शहर के कुँओ की सफाई चालू की गयी। निगम सीमाक्षेत्र में 61 सार्वजनिक कुँए है जिनमे से प्रथम चरण में 15 कुंओं की सफाई की जा रही है, ताकि कुँआ के पानी का जल स्त्रोत बढ़े और निस्तारी योग्य बने। विगत एक सप्ताह से कुंओं की सफाई की जा रही है, जिसके तहत मोतीपुर बरबट्टी कुँआ, वार्ड नं. 11 के मजार गली व आम्बेडकर मूर्ति के पास का कुंआ तथा वार्ड नं. 12 में बुद्ध मूर्ति के पीछे व स्टेशन रोड कुंआ की सफाई की गयी। वर्तमान में ढाबा के कुँआ और गांधी चौक कुंआ की सफाई दो दिनो से की जा रही है। सभी 15 कुंओं की सफाई बारिश के पूर्व की जावेगी, ताकि जल स्त्रोत खुलकर बारिश में पानी संग्रहण बढ़ेगा।

महापौर मधुसूदन यादव स्वयं कुँआ सफाई का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। कल उनके द्वारा गांधी चौक कुंआ सफाई का निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य व वार्ड पार्षद शैकी बग्गा, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा, पार्षद रवि सिन्हा, पूर्व पार्षद देवेन्द्र मोहन लाला के साथ जायजा लेकर संबंधित से कहा कि सभी कुंआ से सील्ट भी निकाले और अच्छी तरह से साफ करना सुनिश्चित करे। सफाई के पश्चात भी यदि आंधी तुफान से पेड के पत्ते या कचरा आदि गिरने से उसे भी साफ करते जाए। उन्होंने अधिकारियो से भी कहा कि जिस क्षेत्र का कुंआ सफाई हो वहा मानिटरिंग करे और संबंधित पार्षद को भी सूचित करे। महापौर श्री यादव ने नागरिको से अपील की है कि कुंआ, तालाब हमारे पुरातत्व धरोहर है, इसका संवर्धन संरक्षण के अलावा इसको साफ रखना हमारी जवाबदारी है। अतः सभी कुँआ तालाबो को साफ सुथरा रखना है, इसमे कचरा गंदगी नही डालना है और लोगों को कचरा डालने मना करना है।

# सुशासन तिहार का अंतिम शिविर में उमड़ी भीड़

## महापौर ने नशा मुक्ति के लिए दिलाई शपथ आयुष्मान मय वंदन कार्ड, श्रम कार्ड व ड्राईविंग लायसेंस का किया वितरण

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार 2025 के तहत प्राप्त आवेदनो का समाधान बताने निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो के लिए 10 स्थानों पर 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर आयोजित किया गया। समाधान शिविर के अंतिम कडी में आज मोहारा में ग्रामीण वार्ड मोहारा, सिंगदई, मोहड व हल्दी के लिए आयोजित शिविर में अपनी समस्या का समाधान जानने वार्डवासियों में उत्साह था और बडी संख्या में उपस्थित होकर उन्होंने समाधान जान शासन की योजना का लाभ लिया।



आज के शिविर में महापौर मधुसूदन यादव शामिल होकर बडी संख्या में उपस्थिति के लिए वार्डवासियों तथा सभी शिविर के सफल आयोजन के लिए जनप्रतिनिधियो, नागरिको, वार्डवासियो, पत्रकार बंधुओ एवं अधिकारियो व कर्मचारियो का आभार व्यक्त किया। महापौर श्री यादव ने कहा कि सरकार ने जिस सोच के साथ सुशासन तिहार का आयोजन किया उसका अच्छा प्रतिसात मिला और नागरिको ने चाहे गॉव हो या शहर अपने समस्या संबंधी आवेदन लगा उसका समाधान जानने तथा शासन की योजना का लाभ लेने उत्साह से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी का आभार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि निर्माण एवं अन्य ऐसी समस्या जिसका आवेदन आया है उसका भी प्राथमिकता से अतिशीघ्र निराकरण किया जाऐगा, तभी सुशासन तिहार सार्थक होगी।

आज के शिविर में सिंदई की 72 वर्षीय रमला बाई तथा सिविल लाईन की 78 वर्षीय रेखा बाई ने समाधान शिविर आयोजन के लिए सरकार का धन्यवाद देते हुए कहा कि बिना बार बार चक्कर काटे अपने वार्ड में ही आयुष्मान कार्ड बनकर मिला जिससे मै अपने बीमारी का ईलाज 5 लाख रूपये तक निःशुल्क करा सकती हूँ। इसी प्रकार मोहारा के 60 वर्षीय डेहरा राम एवं 61 वर्षीय मीरा बाई ने भी कहा कि बीमारी का ईलाज कराने में असमर्थ थे, लेकिन घर के पास मे ही शिविर में डॉक्टर से बिना पैसा जॉच कराकर दवा लिए जो हमारे लिए बहुत बडा काम है। उन्होंने समाधान शिविर लगाने सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किए। आज के अंतिम शिविर में महापौर सहित निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, उप नेता प्रतिपक्ष व वार्ड पार्षद मुकेश साहू, वार्ड पार्षद चंदकृत साहू, पूर्व पार्षद अरूण देवांगन व राकेश रावटे ने वार्डवासियो को आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, ड्राईविंग लायसेस का वितरण किया और स्टालो का अवलोकन कर गर्भवति महिलाओ को सुपोषण कीट देकर नवजात शिशुओ का अन्न प्रासन कराया।

महापौर श्री यादव ने आज 31 मई ध्रुमपान निषेध दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थितजनो को विकसित राज्य बनाने अपने परिवार में हर्षोल्लास रखने, तन, मन, धन को सुदृढ़ बनाने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए सभी वर्ग के व्यक्तियो में नशापान के दुष्परिणामो को प्रचारित कर तथा यथा संभव नशा पीड़ितो से व्यक्तिगत सम्पर्क कर उन्हे नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने संकल्प दिलाई। शिविर के अंत में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 51 वार्डो के लिए 10 चरण में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर आयोजित किया गया, जहॉ सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का द्वितीय चरण में निराकरण कर तृतीय चरण में आयोजित शिविर में समाधान बताकर शासन की योजनाओ का लाभ दिया गया। उन्होने बताया कि आज 4 वार्ड के लिए आयोजित इस अंतिम शिविर में 240 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसका समाधान यहा बताया गया। पूरे 51 वार्डो से 3591 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 3001 मांग एवं 590 शिकायत के आवेदन थे। सभी आवेदनो का निराकरण करने का प्रयास किया गया है, जो आवेदन प्रक्रियाधीन है उसका भी शीघ्रता से निराकरण किया जाएगा। शिविर में उपस्थिति के लिए उन्होंने महापौर, अध्यक्ष, पार्षदो सहित वार्डवासियो का आभार व्यक्त किया साथ ही सभी शिविर में सहयोग के लिए सभी विभाग के अधिकारियो व कर्मचारियो का धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, श्री संजय वर्मा, दीपक खाण्डे, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम व प्र. सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष और सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

रायपुर। छत्तीसगढ़ खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने जिला उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया। उपभोक्ता संरक्षण मंत्री बघेल ने शुभारंभ सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह मनसा है कि प्रशिक्षण पश्चात् उपभोक्ता आयोगों की कार्यकुशला में वृद्धि हो और कम समय में उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता हितों की रक्षा बहुत जरूरी है।



इस अवसर पर राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अमरेश्वर प्रताप साही ने कहा कि मानव जीवन में उसके जन्म से लेकर मृत्यु तक जो भी वस्तु और सेवा का संव्यवहार करता है, वह उपभोक्ता की श्रेणी में आता है। इस हेतु संविधान के अंतर्गत और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत बनाए गए व्यवस्था का उपभोक्ता आयोग परिपालक है। इस प्रशिक्षण से निश्चित ही छत्तीसगढ़ राज्य में उपभोक्ता प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण में तेजी आएगी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अमरेश्वर प्रताप साही एवं छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया सहित उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

# चश्मा लगाकर देखें भाजपाई, कांग्रेस के पांच साल में हुए विकास कार्य, पूर्व विधायक छन्नी साहू ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



छुरिया (दावा)। पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ स्थानीय रेस्ट हाउस से कांग्रेस सरकार एवं उनके पांच साल के कार्यकाल में खुज्जी विधानसभा में कराये गये सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत विकास कार्यों को लेकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है और उन्होंने कहा कि चश्मा लगाकर देखें भाजपाई कि कांग्रेस सरकार एवं उनके कार्यकाल में विकास की गंगा बही है। वनांचल क्षेत्र के मरकाकसा एवं जोब सड़क मार्ग का दो साल पहले टेण्डर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है जिसका निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है। पंचायतों में पानी टंकी के निर्माण कार्य अधूरे हैं, क्षेत्र में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है और भाजपा सरकार द्वारा डेढ़ साल के कार्यकाल में अपनी उपलब्धि को लेकर समाधान शिविर का आयोजन कर रही है जिसमें ग्रामीणों को कोई राहत नहीं मिल रही है।

उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेंदाड़ी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू मरकाकसा से जोब सड़क निर्माण को टेण्डर की प्रक्रिया दो साल पहले पूर्ण हो चुकी है एवं क्षेत्र की अन्य समस्याओं को लेकर हाथों में तख्ती लेकर जमीन पर बैठ गई। समाधान शिविर में इसी बात को लेकर भाजपा नेताओं और पूर्व विधायक के बीच झड़प हो गयी। शिविर में भाजपा नेताओं ने उन पर आरोप लगाया कि उनके पांच साल के कार्यकाल में सड़क निर्माण क्यों नहीं हुआ। जिसका जवाब देते हुए पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ स्थानीय रेस्ट हाउस से नारेबाजी करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा डेढ़ साल में खुज्जी क्षेत्र के विकास के लिए कराए गए विकास कार्यों को गिनकर दिखाएं। तहसील कार्यालय में तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर कांग्रेस एवं उनके पांच साल में कराये गये विकास कार्यों की सूची सौंपी हैं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य शेषवरी धुर्वे, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष रितेश जैन, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी, डॉ.प्रकाश शर्मा, कांति भण्डारी, पूनम शर्मा, दुर्गा महानदिया, युग्ना हिरवानी, एकनाथ सिन्हा, धर्मेन्द्र साहू, शकील कुरैशी, जयपाल यादव, सोनू खान, सुनील लारोकर, सूर्यकुमार खिलारी, कन्हैया कोले, गिरधारी साहू, लालचंद साहू, मिथलेश ठाकुर, अमीत अग्रवाल, भभूति कोलियारे, विजय साहू, कमलेश यादव, छोटेलाल कटेंगा, जसवंत साहू, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### तहसीलदार ने चश्मा लेने से किया इनकार

पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कुमर्दा से गैन्दाटोला-कल्लूबंजारी एवं गुण्डरदेही से उमरवाही-करमरी तक सड़क निर्माण की मांग की है। ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने क्षेत्र के भाजपाईयों के नाम चश्मा भी तहसीलदार को सौंपा जिसको तहसीलदार ने लेने से इनकार कर दिया। तब उन्होंने अपने समर्थकों के साथ चश्मा को तहसीलदार के टेबल पर छोड़कर इसका विरोध जताया।

# जबलपुर-रायपुर वंदे भारत ट्रेन जल्द दौड़ेगी पटरी पर, राजनांदगांव सहित 8 स्टेशनों पर होगा स्टॉपेज



राजनांदगांव (दावा)। जबलपुर से जल्द ही एक नई वंदे भारत ट्रेन शुरू हो सकती है जो कि जबलपुर से वाया गोंदिया होते हुए रायपुर तक चलेगी। बताया जा रहा है कि जबलपुर-रायपुर वंदे भारत ट्रेन को हफ्ते में 6 दिन चलाया जा सकता है। ट्रेन संचालन को लेकर रेलवे ने एक इंटरनल नोटिफिकेशन जारी किया है, जिससे ये जानकारी भी सामने आई है कि ट्रेन का किन-किन स्टेशन पर स्टॉपेज हो सकता है।

आठ स्टेशन पर होगा स्टॉपेज

इंटरनल नोटिफिकेशन के अनुसार, जबलपुर से वंदे भारत ट्रेन सुबह 5 बजे रवाना होगी और 5.12 बजे मदन महल पहुंचेगी, इसके बाद 5.26 बजे कछपुरा, 6.49 बजे नैनपुर, 8.08 बजे बालाघाट, 9.10 बजे गोंदिया, 10.24 बजे राजनांदगांव, 11.12 बजे दुर्ग और 11.55 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में रायपुर से ट्रेन दोपहर 1.20 बजे रवाना होगी और 2.10 बजे दुर्ग, 2.29 बजे राजनांदगांव, 3.55 बजे गोंदिया, 4.29 बजे बालाघाट, 5.44 बजे नैनपुर और फिर कछपुरा, मदन महल होते हुए रात 8.15 बजे जबलपुर मुख्य स्टेशन पहुंचेगी।


आवश्यकता है

प्रेस में रात्रिकालीन चौकीदार की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।

-: संपर्क :-
दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726


# तीन तालाबों से पानी ले जाने निजी उद्योग ने बिछाई पाइप लाइन, किसानों ने किया विरोध, भागवत साहू ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। फुलझर में नवनिर्मित एक उद्योग द्वारा आसपास के गांव के तीन गांव के तालाबों तक पाइपलाइन बिछाकर पानी ले जाने की तैयारी की जा रही है। जिसका ग्रामीण किसानों ने विरोध किया है किसान इन तालाबों का पानी सिंचाई के लिए उपयोग करते हैं। सिंचाई सुविधा के लिए इन्होंने तालाब बनाने भूमि अधिग्रहण में दी थी। अब इनका अहित होता दिख रहा है। उद्योग को पानी नहीं देने का विरोध करते हुए किसानों ने जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे को आज ज्ञापन सौंपा है।

श्री साहू ने बताया कि इन्दावानी जलाशय, कोपेडीह जलाशय एवं राजा तालाब अंजोरा का निर्माण आस-पास के किसानों की जमीनों को अधिग्रहण कर किया गया है। उक्त जलाशयों व तालाब से आस पास के सैकड़ो किसानों को अनुबंध के आधार पर सिंचाई के लिये पानी दिया जाता है। किसानों द्वारा जल कर की राशि भी समय पर भुगतान किया जाता है। इन जलाशयों पर सिर्फ और सिर्फ किसानों का ही अधिकार है। वर्तमान में ग्राम पंचायत फुलझर में नवनिर्मित न्यू लुक बायो फ्यूल्स प्रा. लिमिटेड उद्योग द्वारा इन जलाशयों से पानी ले जाने के लिए पाईप लाईन फीट किया जा रहा है, जो उचित नहीं है। इससे किसानों की सिंचाई, जलपूर्ति एवं निस्तारी की समस्या बढ़ सकती है। न्यू लुक बायो फ्यूल्स प्रा. लिमिटेड उद्योग को पानी नहीं देने की आदेश प्रदान करने की मांग की गई है।

इस दौरान जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के साथ जिला किसान संघ के अध्यक्ष सुदेश टीकम, जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू, देवलाल साहू (पूर्व सरपंच टेड़ेसरा), श्रीमती दानी साहू (पूर्व सरपंच टेड़ेसरा), श्रीमती राजिम साहू (पूर्व पंच), महेश साहू, पूर्णानंद साहू, मदन साहू, ढालसिंग साहू, मनोज साहू, तुकाराम साहू, रमाकांत बंजारे, धांसू सिन्हा, गोपी देशमुख, लोमेश साहू, दुर्गा साहू, वीरेंद्र उईके, हरिश्चंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के किसान मौजूद थे।

# शहरी सीमा से लगे ग्राम कुरुभाट में भालू की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत



**डोंगरगढ़(दावा)। ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुरूभाट में आज सुबह एक भालू की मौजूदगी से शहरवासियों सहित ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। शहर की सीमा पर स्थित कुरूभाठ में सुबह लगभग 7 बजे ग्रामीणों ने गांव में एक भालू को चहलकदमी करते हुए देखा जिसकी जानकारी वन विभाग को लगते ही मौके पर एसडीओ फॉरेस्ट पूर्णिमा राजपूत अपने अमले के साथ मौके पर पहुंची।**

भालू का गांव में विचरण करते हुए वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। ग्राम कुरुभाट डोंगरगढ़-राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर स्थित है और डोंगरगढ़ शहर से मात्र 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। वन्य जीवों का जंगल से शहर की ओर आने का यह कोई पहला मामला नहीं है। हाल ही में कुछ दिन पूर्व ही एक तेंदुआ भी जंगल से भटक कर डोंगरगढ़ शहर की सीमा पर स्थित ग्राम अछोली के सुदर्शन पहाड़ी पर आ गया था। पूरे मामले को लेकर डोंगरगढ़ वन विभाग की एसडीओ पूर्णिमा राजपूत ने बताया कि जानकारी होते ही लगातार वन विभाग द्वारा भालू की मॉनिटरिंग की जा रही है। यह कोशिश की जा रही है, कि भालू अपने आप जंगल की ओर चला जाए। वही रायपुर से भी टीम को बुला लिया गया है। परिस्थिति के अनुसार आगे वन विभाग द्वारा निर्णय लिया जाएगा हालांकि अभी तक भालू ने किसी भी तरह की जनहानि नहीं की है। वन विभाग ने आम लोगों से अपील की है की किसी को डरने या घबराने की बात नहीं है। विभाग चाक चौबंध तैयार सबकी रक्षा करना हमारा दायित्व हैं। बताया जा रहा है कि लगातार जंगलों की कटाई के कारण वन्यजीव अपने पानी व भोजन की तलाश में शहरी क्षेत्र में आ जाते हैं अतः वनविभाग ने अपील की है कि लोग अपने स्वार्थ लाभ के लिए जंगलों को न काटे।

# काउंसलिंग का विरोध : साझा मंच के उपसंचालक सुशील शर्मा गिरफ्तार





**○ बिना दावा आपत्ति मंगाये पोस्टिंग करने का विरोध**
**○ शिक्षकों के विसंगतिपूर्ण युक्तिकरण को लेकर शिक्षा साझा मंच मुखर हुए**

राजनांदगांव (दावा)। डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में 2 जून को प्राथमिक शाला के अतिशेष शिक्षकों का काउंसिल किया गया। पूरे प्रदेश में शिक्षक साझा मंच के विरोध को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा राजनांदगांव द्वारा काउंसलिंग के दौरान पुलिस फोर्स की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। इस दौरान भारी सुरक्षा के बीच शिक्षक साझा मंच ने युक्तिकरण में अपनाई गई। विभिन्न विसंगतियों के बारे में ध्यान आकृष्ट करने हेतु काउंसिल के दौरान अपर कलेक्टर, एसडीएम और जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर विरोध दर्ज कराया। साझा मंच के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के विपरीत की जा रही है। पहले रिक्त पदों की सूची जारी कर दावा-आपत्ति का मौका दिया जाना चाहिए था, लेकिन बिना वरिष्ठता और कनिष्ठता का ध्यान रखे सीधे काउंसलिंग की जा रही है, काउंसलिंग के एक दिन पहले रात में रिक्त पदों की सूची प्रशासन ने जारी की है। यहां पर निजीकरण को बढ़ावा देने और गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का काम किया जा रहा है।

जिला संचालक मनीष मिश्रा ने बताया कि जिले के एसडीएम ने हमारी बातों को भी उन्हें सुनना चाहिए, हमें हमारी बातें रखने का मौका तक नहीं दिया जा रहा है। विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण का विरोध कर रहे हैं। 2008 में बनाए गए सेटअप से यहां पर सरकार और प्रशासन छेड़छाड़ कर रही है। यहां पर सीधे-सीधे निजी क्षेत्र को लाभ पहुंचाने का काम सरकार और प्रशासन कर रही है। जहां गरीब बच्चे पढ़ते हैं वहां शिक्षकों से शिक्षा का और बच्चों से भी शिक्षा का अधिकार छीनने का प्रयास किया जा रहा है जिसका विरोध कर रहे हैं। 2008 सेट नियम विरुद्ध युक्तियुक्तकरण का विरोध कर रहे जिला उपसंचालक सुशील शर्मा को जिला शिक्षा अधिकारी की लिखित शिकायत पर गिरफ्तार कर लिया गया व साझा मंच के पदाधिकारियों के विरोध करने पर शाम को रिहा कर दिया गया।

शिक्षक साझा मंच के प्रदेश संचालक मनीष मिश्रा, जाकेश साहू, जिला संचालक रमेश साहू, छन्नू लाल साहू, सुशील कुमार देवांगन, सुशील कुमार शर्मा, ओमप्रकाश साहू, अमिताभ दुफारे, नीलेश रामटेके, कीरत गणवीर, रोशन लाल साहू, हीरा लाल मौर्य, भरत साहू, ओगेश्वर प्रसाद साहू, हृदय राम हिरवानी, भोज साहू, पुनीत राम साहू, टंडन सर, खिलावन निर्मलकर एवं अन्य पदाधिकारी वरिष्ठता क्रम में जूनियर को सीनियर बना देना और बिना दावा आपत्ति मंगाये काउंसिल करने से शिक्षक साझा मंच से जुड़ें पदाधिकारी खासे नाराज दिखे और मुखर होकर प्रतिकार किया। अपर कलेक्टर, एसडीएम खेमलाल वर्मा और डीईओ प्रवास सिंह से शिक्षक संगठनों से जुड़े नेताओं की जमकर बहसबाजी हुई।

# युक्तियुक्तकरण नीति तहत काउंसलिंग प्रारंभ : पहले दिन 246 शिक्षकों की हुई पदस्थापना

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी युक्तियुक्तकरण नीति के अंतर्गत जिले में आज 246 अतिशेष शिक्षकों की पुनः पदस्थापना हेतु जिला स्तरीय काउंसलिंग का सफल आयोजन किया गया।

आज बक्शी स्कूल में आज 2 जून को राजनांदगांव जिले में अतिशेष 248 सहायक शिक्षक एवं 05 प्रधान पाठक (प्राथमिक) को कांउसलिंग में शामिल किया गया। सहायक शिक्षक 246 द्वारा सहमति के आधार पर पदस्थापना आदेश तत्काल प्रदाय किया गया। जिसमें 1 सहायक शिक्षक द्वारा असहमति दिया तथा 01 सहायक शिक्षक कांउसलिंग में अनुपस्थित थे। शासन के नियमानुसार उन्हें भी रिक्त पद पर पदाकिंत कर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से तामिल हेतु प्रेषित किया गया। 5 प्रधान पाठक प्राथमिक को सहमति के आधार पर स्थान चयन कर पदांकन आदेश कांउसलिंग स्थल पर ही प्रदाय किया गया। कांउसलिंग प्रक्रिया अपर कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के उपस्थिति में शांत पूर्ण रूप से संपन्न हुआ। आज 3 जून 2025 को पूर्व माध्यमिक विद्यालय के 88 शिक्षक, 68 व्याख्याता, 1 प्रयोगशाला सहायक एवं 1 प्राचार्य की कांउसलिंग समय प्रातः 10 बजे से प्रारंभ की जावेगी। संबंधित उक्त तिथि को निर्धारित समय में कांउसलिंग स्थल डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शास. उ. मा. शा बसंतपुर राजनांदगांव में उपस्थिति देना सुनिश्चित करें।

# महापौर ने स्वीकृत निर्माण कार्य तत्काल प्रांरभ कराने तथा शौचालय मरम्मत के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के दिये निर्देश



महापौर ने की निर्माण कार्यो की समीक्षा

राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव आज अपने कक्ष में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एवं लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा की उपस्थिति में तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यो की जानकारी लेकर स्वीकृत कार्य तत्काल प्रारंभ कराने एवं शौचालय मरम्मत के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने योजना के कार्य को प्राथमिकता देकर समय सीमा में चालू कराने एवं चालू कार्य में तेजी लाकर गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में महापौर श्री यादव ने उप अभियंताओं से शहर में चल रहे निर्माण कार्यो की वार्डवार जानकारी लेकर अप्रारंभ कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने तथा चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाकर कार्य समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सांसद, विधायक निधि के कार्य की जानकारी लेकर स्वीकृत कार्य तत्काल प्रारंभ कराने कहा। उन्होंने कहा कि सभी अभियंता आपस में सामंजस्य कर प्राथमिकता से कार्य करावे, जिस कार्य का प्राक्कलन तैयार नहीं हुआ है उसे तत्काल तैयार करें। उन्होंने महापौर व पार्षद निधि के कार्यो की जानकारी लेकर फण्ड की स्थिति के आधार पर पार्षद से चर्चा कर प्राथमिकता तय कर कार्य कराने कहा।

महापौर श्री यादव ने अधोसंरचना मद एवं अधोसंरचना पर्यावरण मद अंतर्गत स्वीकृत कार्यो को शीघ्र प्रारंभ कराने कहा, जिस कार्य का कार्यादेश जारी नही हुआ है उसका कार्यादेश तत्काल जारी कर कार्य प्रारंभ करावे। सभी अभियंतागण अपने अपने प्रभारित वार्ड के कार्यो की सतत् मानिटरिंग करें तथा कार्यालय में भी समय निर्धारित कर बैठना सुनिश्चित करें और प्राक्कलन, कार्य की प्रगति, उपयोगिता प्रमाण पत्र बनाकर शासन को भेजे, निर्माणाधीन एवं पूर्ण कार्य का बिल बनाकर उच्च अधिकारियों को प्रेषित करें। उन्होंने डामरीकरण के कार्य की जानकारी लेकर शेष कार्य गुणवत्ता के साथ बारिश के पूर्व पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी अपने अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वाहन कर प्रगति लावे, किसी भी प्रकार की समस्या पर उच्च अधिकारियों को अवगत करावे।

महापौर ने शहर में चल रहे शौचालय मरम्मत कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर शेष कार्य 15 दिन के अंदर पूर्ण कराने कहा, ताकि बरसात में उसकी उपयोगिता हो सके। उन्होंने शासन द्वारा स्वीकृत योजना के कार्य 15वें वित्त आयोग के कार्य एवं अटल परिसर, एजुकेशन हब के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नालंदा परिसर के कार्य की भी जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाने कहा, जिससे समय सीमा में कार्य पूर्ण हो और विद्यार्थियों को इसका लाभ मिले। महापौर ने बजट प्रावधान अनुसार थोक मार्केट, पुत्री शाला, गुडाखू लाईन औषधालय एवं पुराना बस स्टैण्ड काम्पलेक्स निर्माण के संबंध में चर्चा कर चल रही प्रक्रिया में तेजी लाने कहा। उन्होंने इस संबंध में या अन्य कार्य के संबंध में शासन स्तर पर लंबित प्रकरण की जानकारी देने कहा, ताकि उसका निराकरण कराया जा सके।

निगम अध्यक्ष पारस वर्मा ने कहा कि निर्माण कार्य के लिए संबंध में संबंधित वार्ड के पार्षद से सम्पर्क कर अवगत करावे तथा निर्माण कार्यो की फाईल मे भी गति लावे, चल रहे कार्य एवं पूर्ण कार्य की समय पर बिलिंग करे। फाईल वर्क में लेट होने संबंधी ठेकेदारो की भी शिकायत प्राप्त होती है, समय पर फाईल बढ़ने व बिलिंग होने से आगे के कार्य में तेजी आवेगी। बैठक में कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके, संजय वर्मा व दीपक खाण्डे, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम व प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा व वसीम खान सहित उप अभियंतागण व संबंधित लिपिक उपस्थित थे।

# कु. सिया, कु. सौम्या एवं यश श्रीवास्तव ने सीबीएससी बोर्ड परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की



राजनांदगांव(दावा)। नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री की बारहवीं कक्षा से वाणिज्य संकाय (कॉमर्स) में 74 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। साथ ही कु. सौम्या एवं यश श्रीवास्तव पिता-सुनिल श्रीवास्तव (वरिष्ठ जर्नलिस्ट), सोनारपारा ने बारहवीं कक्षा विज्ञान संकाय (बायोलॉजी) एवं यश श्रीवास्तव दसवीं कक्षा, दोनों नीरज बाजपाई इंटरनेशनल स्कूल बोरी, राजनांदगाव से अध्ययन करते हुए सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 में क्रमशः 74 प्रतिशत एवं 65 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल की। इन तीनों ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों, प्राचार्य के मार्गदर्शन व अपनी कड़ी मेहनत एवं दादा-दादी, माता-पिता एवं परिवार के सभी बड़ों के आशीर्वाद एवं स्नेह को दिया है। इन तीनों की सफलता पर इंद्राशीष परिवार राजनांदगाव ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# महादेव सट्टा एप के लिए अकाउंट देने वाले 11 आरोपी गिरफ्तार, ब्यूटी पार्लर संचालिका के खाते में महीनेभर में 5 करोड़ से अधिक का लेन-देन

**दुर्ग (दावा)। जिले में महादेव सट्टा एप व सायबर फ्राड के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले म्यूल अकाउंट के खाताधारकों और खाईवालों पर दुर्ग पुलिस की कार्रवाई जारी है. इस बार फिर 8 म्यूल खाताधारकों और 3 मुख्य खाईवालों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है.**

वैशाली नगर स्थित केनरा बैंक के ब्रांच मैनेजर परमात सिंह सिंगोदिया की शिकायत पर वैशाली नगर पुलिस ने 111 म्यूल खातों की जांच शुरू की, जिसमें पहले ही 11 म्यूल खाताधारकों को गिरफ्तार किया गया था. आज फिर 11 लोगों म्यूल खाताधारकों को गिरफ्तार किया गया.

इस मामले में दुर्ग पुलिस ने पहले ही 111 म्यूल खातों के लगभग 22 लाख रुपए होल्ड करने की कार्रवाई की थी. इस बार पुलिस ने फिर से 11 खाताधारकों को पकड़ा है. गिरफ्तारी के बाद म्यूल खाताधारक उमा शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह एवनी ब्रेसिंग ब्यूटी पार्लर का संचालन करती है. आरोपियों ने कैनरा बैंक में खाता खुलवाया, जिसमें आरोपिया ने 700 रुपए जमा किए थे और मोबाइल नंबर में इंटरनेट बैंकिग चालू करवाई थी, लेकिन बैंक से मिली जानकारी के अनुसार आरोपिया के खाते में फरवरी माह में 5 करोड़ रुपए से अधिक का लेन-देन पाया गया था, जिसे दिल्ली से ट्रांसफर किया गया है. उमा शर्मा के बयान के बाद मोनू और उसके साथियों ने म्यूल अकाउंट खुलवाकर देहरादून में सट्टे का काम करने की जानकारी दी. उमा शर्मा के बताए गए पते पर मोनू की जगह बिहार निवासी नीतीश कुमार मिला.

पूछताछ में वह बिहार के दीपक कुमार मुख्य सट्टे का खाईवाल बताया. वहीं मोनू और छत्तीसगढ़ भिलाई के लोगों से 20 हजार रुपए में बैंक खाते खरीदकर क्रिकेट सट्टे में उपयोग करने की बात स्वीकार की. पुलिस के मुताबिक, आरोपी नीतीश लोटस , बप्पा, रामजनो, गोविंदा जैसे पैनल का संचालित करता था. उसके पास निखिल का पासबुक के अलावा कुल 3 लैपटॉप, 3 मोबाइल, एक कार, 9 एटीएम, 8 पासपोर्ट, 2 चेक बुक जब्त कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com